



दैनिक
# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 186/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 13 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## मोहम्मद सुलेमान का जलवा !



**सुरेश तिवारी**

सीनियर आईएएस अधिकारी मोहम्मद सुलेमान की बेटी की दो दिन पहले भोपाल में शादी हुई। शादी के रिसेप्शन समारोह में राजनेता से लेकर ब्यूरोक्रेट्स और उद्योग से जुड़े परिवार शामिल हुए, उससे सुलेमान की लोकप्रियता का पता लगाया जा सकता है। शादी के रिसेप्शन में जितने और जिस तरह के मेहमान शामिल हुए, उससे सुलेमान का जलवा साफ साफ दिखाई दिया। बताते हैं कि इस शादी के आमंत्रितों ने कई नए अनुमानों को जन्म दिया।

इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,कई मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा पूर्व महामंत्री सुहास भगत भी दिखाई दिए। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के साथ ही भोपाल में पदस्थ आईएएस और आईपीएस बड़े अधिकारियों के साथ कई जिलों कलेक्टर, कमिश्नर और दिल्ली से भी कई आईएएस शादी समारोह में शामिल हुए। सबसे ख़ास था संघ के नेताओं का आना। इससे ये धारणा खंडित हुई कि उनके मुख्य सचिव बनने की राह में कोई रोड़ा है।

अब मुद्दे की बात ये है कि मोहम्मद सुलेमान के मुख्य सचिव बनने की लाइन अभी मिटी नहीं है। 31 मई को जब इक़बाल सिंह बैस रिटायर होंगे, तो उनकी जगह मोहम्मद सुलेमान उस कुर्सी पर बैठे नजर आएंगे, इस बात की पूरी पूरी संभावना है। वे इस कुर्सी के सबसे सशक्त दावेदार पहले भी थे और अभी भी उनका दावा मजबूत है।

- (शेष पेज 4 पर)

## बजरंग बली को रेलवे का नोटिस सात दिन में अतिक्रमण हटा लें

मुरैना जिले के सबलगढ़ कस्बे में बने एक मंदिर में विराजित बजरंग बली को रेलवे ने नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में बजरंग बली को अतिक्रमणकारी बताते हुए, सात दिन में अतिक्रमण हटाने को कहा है। नोटिस में यह भी हिदायत है। अतिक्रमण न हटाने पर रेलवे जबरन कार्रवाई करेगा और जेसीबी आदि के खर्च की वसूली भी बजरंग बली से होगी।



झांसी रेल मंडल के वरिष्ठ खण्ड अभियंता, जौरा अलापुर की तरफ से 8 फरवरी को बजरंग बली, सबलगढ़ के नाम से एक नोटिस जारी हुआ। यह नोटिस सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें रेलवे का जमकर ट्राल किया जा रहा है। इस नोटिस में बजरंग बली को संबोधित करते हुए लिखा गया कि आपके द्वारा सबलगढ़ के मध्य किलोमीटर में मकान बनाकर रेलवे भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। अतः आप इस नोटिस के सात दिन के अंदर रेलवे भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटाकर रेलवे भूमि को खाली करें अन्यथा आपके द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटाने की कार्रवाई की जाएगी, जिसका हर्ज एवं खर्च की जिम्मेदारी स्वयं भगवान बजरंग बली की होगी। बजरंग बली को दिए गए इस नोटिस की प्रति सहायक मंडल अभियंता ग्वालियर और जीआरपी थाना प्रभारी ग्वालियर को भी भेजी गई है।

जनसंपर्क अधिकारी मनोज माथुर के मुताबिक यह नोटिस पूरी तरह सही लग रहा है, जो रेलवे से ही जारी हुआ है। सबलगढ़ में श्योपुर-ग्वालियर ब्राडगेज लाइन का काम चल रहा है, यदि मंदिर ब्राडगेज लाइन के बीच में आ रहा है तो उसे हटाना तो पड़ेगा ही। मंदिर रेलवे की जमीन में है, इसलिए विधिवत नोटिस दिया गया है।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर में खेला जाएगा तीसरा टेस्ट

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट 1 मार्च से धर्मशाला में होने वाला था, लेकिन इसे एक नए स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। दरअसल, मैदान मैच की मेजबानी के लिए तैयार नहीं है। अब यह मुकाबला अब इंदौर में होगा। बीसीसीआई ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट के लिए इंदौर को वेन्यू घोषित किया है। धर्मशाला में कड़ाके की सर्दियों की स्थिति और आउटफील्ड में पर्याप्त घास घनत्व की कमी के कारण स्थान बदलना पड़ा।



बोर्ड ने बयान जारी करते हुए कहा- बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट, जो 1 से 5 मार्च तक एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में होने वाला था, अब इंदौर के होल्कर स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। आउटफील्ड में पर्याप्त घास घनत्व की कमी है और पूरी तरह से विकसित होने के लिए कुछ समय की आवश्यकता होगी। एक और बाधा यह थी कि फरवरी 2022 में भारत और श्रीलंका के बीच दो टी20 के बाद से धर्मशाला में कोई क्रिकेट नहीं खेला गया है। विशेष रूप से धर्मशाला ने अब तक केवल एक टेस्ट की मेजबानी की है। 2017 में जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज 2-1 से जीती थी। नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को तीन दिन के अंदर पारी और 132 रन से हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट 17 फरवरी से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।










एयरो शो में स्वदेशी सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट पर बजरंगबली, टेल पर लिखा- तूफान आ रहा है




# यह सिर्फ एयर शो नहीं, भारत की ताकत: मोदी

**बेंगलुरू।** एयरो इंडिया के 14वें एडिशन की शुरुआत सोमवार को बेंगलुरु के येलहांका के एयर फोर्स स्टेशन पर हुई। यह एयर शो पांच दिन चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। इस शो में सबसे ज्यादा सुर्खियां एचएलएफटी-42 ने बटोरीं। इसकी टेल पर हनुमानजी की फोटो है। साथ ही एक मैसेज भी लिखा है- स्टार्म इज कमिंग (तूफान आ रहा है)। 13 फरवरी से 17 फरवरी तक चलने वाला शो मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड प्लान के मुताबिक स्वदेशी टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करने और विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी बनाने पर केंद्रित है। इसकी थीम द रनवे टू ए बिलियन अपॉच्युनिटीज है।

उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, पहले यह सिर्फ एयर शो था, लेकिन अब ये भारत की ताकत बनकर उभर रहा है। कोरोना काल के बाद पहली बार इस शो में दर्शक भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा- एक समय था जब ये एयर शो केवल एक शो था। अब यह सोच बदल गई है। ये अब एक शो नहीं बल्कि देश की ताकत है। आज दुनिया की रक्षा कंपनियों के लिए भारत एक मार्केट नहीं बल्कि पार्टनर भी है।



एयरो इंडिया शो में 100 से अधिक देशों की भागीदारी नए भारत में दुनिया के भरोसे को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा- हमारे यहां कहा जाता है प्रत्यक्षं किम प्रमाणम्, यानी प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। आज आकाश में गर्जना करते तेजस मेक इन इंडिया का प्रमाण है। हिंद महासागर में ढ्वहस् विक्रांत, गुजरात के वडोदरा में या तुमकुरु में एचएएल के हेलिकॉप्टर इस बात का प्रमाण है। 21वीं सदी का भारत न कोई मौका खोएगा न मेहनत में कमी रखेगा। हम कमर कस चुके हैं। मोदी बोले- जो देश दशकों से डिफेंस सेक्टर में सबसे बड़ा आयातक था वो अब निर्यात कर रहा है। देश का रक्षा निर्यात 6 गुना बढ़ा है। हम 75 देशों के डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट कर रहे हैं। हमने निर्यात में 1.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर लिया है। डिफेंस का मार्केट सबसे कॉम्प्लिकेटेड माना जाता है। भारत ने 8-9 साल में इसे बदला है। 2025 तक इस आंकड़े को 5 बिलियन डॉलर तक ले जाएंगे।



## आईटी सेक्टर में आने वाला समय इंदौर का: चौहान

**इंदौर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर में यश आईटी पार्क का शुभारंभ किया। श्री चौहान ने कहा कि इंदौर केवल मेरे सपनों का शहर नहीं, बल्कि हम सब के सपनों का शहर है। आज यश टेक्नोलॉजी के रूप में एक और सपना साकार हुआ है। आईटी सेक्टर में आने वाला समय केवल इंदौर का है। हमारी प्रतिभा और मेधा अद्भुत है। आज दुनिया भारत की प्रतिभा के दम पर चल रही है। बैतूल के छोटे से बैतूल बाजार से निकला परिवार आज पूरे अमेरिका में धूम मचा रहा है। हमें नौकरी माँगने वाला नहीं, देने वाला बनना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट,एवं सांसद श्री शंकर लालवानी और एवं अन्य नेता मौजूद रहे।

श्री चौहान ने कहा कि सुपर कॉरिडोर में 22 एकड़ की जमीन पर 35 मंजिल का स्टार्टअप पार्क बना रहे हैं, जिसकी लागत 450 करोड़ है। इसके साथ ही कन्वेंशन सेंटर, फाइव स्टार होटल, कैफेटेरिया, रेस्टोरेंट मनोरंजन जोन भी बनाया जा रहा है। इस स्टार्टअप पार्क के माध्यम से लगभग 20 हजार लोगों को रोजगार देंगे। मेरे मध्यप्रदेश के बेटे-बेटियों आगे बढ़ो। हमारा प्रदेश अब लंबी उड़ान के लिए तैयार है। हमारी आर्थिक वृद्धि को कोई रोक नहीं सकता है। इस साल भी करंट प्राइजेज पर मध्यप्रदेश की ग्रोथ रेट 19.67त्न है, जो देश में सबसे ज्यादा है। आईटी व इंडस्ट्री के लिए जो इको सिस्टम चाहिए, वो इंदौर में बनाएंगे। हमारे 2 लाख 22 हजार 800 वर्ग मीटर का हमारे पास स्थान है। सुपर कॉरिडोर पर 10 हजार लोगों की क्षमता का कन्वेंशन सेंटर भी बना रहे हैं। इंदौर में कई स्टार्टअप्स बन गए हैं। एक तो यूनिकॉर्न भी है।

## कांग्रेस वचन पत्र नहीं महाझूठ पत्र बना रही है: शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस ने पिछले वचन पत्र के वायदे पूरे नहीं किए और फिर से महाझूठ पत्र बनाया जा रहा है। आज मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री बोले - कमलनाथ जी से आज मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं। कल कांग्रेस की वचन पत्र के लिए बैठक हुई। वचन पत्र नहीं, कांग्रेस का फिर से महाझूठ पत्र बन रहा है। पिछली बार जो कहा, वह किया नहीं। अब फिर एक झूठ पत्र बनाया जा रहा है। जनता इस झूठ को जानती है और वह भरोसा नहीं करेगी।

उन्होंने कहा- कमलनाथ जी, हम बैगा, भारिया, सहरिया बहनों को पोषण आहार अनुदान के रूप में एक हजार रुपये प्रतिमाह देते थे। आपकी सरकार आई तो आपने यह राशि देना बंद कर दिया। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि हमारी बहनों ने आपका क्या बिगाड़ा था, जो आपने यह राशि उन्हें देना बंद कर दिया? मध्यप्रदेश में विकास यात्राएं निरंतर जारी हैं। विभिन्न जिलों में अनेकों नवाचार विकास यात्रा के दौरान हो रहे हैं। हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। यह यात्रा जनसेवा का महायज्ञ बन गई हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे बागीश्वर धाम

## बजरंग बली से प्रार्थना की, मप्र का भविष्य सुरक्षित रहे: कमलनाथ

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पन्ना में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मैं अभी बागेश्वर धाम से आ रहा हूं मैं हनुमान भक्त हूं भगवान बजरंगबली को प्रणाम करने गया था, मध्यप्रदेश का भविष्य सुरक्षित रहे ऐसी मैंने भगवान बजरंगबली से प्रार्थना की। महाराज जी से भी मुलाकात हुई। मैंने प्रदेश का सबसे बड़ा हनुमान मंदिर छिंदवाड़ा जिले में बनवाया है, मेरी दिली इच्छा थी कि मैं अजयगढ़ आने के पहले भगवान बजरंगबली के चरणों में प्रणाम करता हुआ आऊं।



प्रदेश में पिछले 215 महीनों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है 190 महीनों से शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, मुझे ताज्जुब होता है की शिवराज सिंह चौहान मुझसे हिसाब मांग रहे हैं 15 महीनों की सरकार का, स्वयं 215 महीनों का हिसाब नहीं दे पा रहे हैं, आज शासकीय संसाधनों का दुरुपयोग करके विकास यात्रा निकाल रहे हैं, अगर जनता इनके साथ होती तो क्या विकास यात्रा की आवश्यकता पड़ती?

उन्होंने दोहराया कि विकास यात्रा की जगह यदि नाम हिसाब यात्रा रखा जाता तो ज्यादा बेहतर होता। नौजवानों के भविष्य का सत्यानाश किसानों का सत्यानाश कानून व्यवस्था का सत्यानाश, आज हमारा नौजवान भटक रहा है हर क्षेत्र सत्यानाश किया है प्रदेश का, शिक्षा और स्वास्थ्य का सत्यानाश, आम जनता ,मध्य प्रदेश के मतदाताओं पर मुझे पूरा विश्वास है कि वे मध्यप्रदेश की तस्वीर को अपने सामने रखेंगे और सच्चाई का साथ देंगे। सर्वे एक इशारा होता है हम स्थानीय संगठनों से विचार विमर्श करेंगे किसी भी टिकट में सर्व सहमति नहीं होती पर एक आम सहमति हमें बनानी पड़ती है।

## 6 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर, राकेश श्रीवास्तव स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव बने

**भोपाल।** राज्य शासन ने 6 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर किए हैं। खनिज विभाग के अपर सचिव राकेश श्रीवास्तव को हटाकर स्वास्थ्य विभााग में अपर सचिव बनाया गया है। खनिज साधन विभाग के अपर सचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव को स्वास्थ्य विभाग का अपर सचिव बनाया गया। सोनिया मीणा को आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं और अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम में संचालक बनाया गया। रीवा के सीईओ जिला पंचायत स्वप्निल वानखेडे को जबलपुर नगर निगम में कमिश्नर बनाया गया है। उमरिया की अपर कलेक्टर मिशा सिंह को जबलपुर का अपर कलेक्टर बनाया गया है। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की उप सचिव अंजू पवन भदौरिया को रायसेन में जिला पंचायत सीईओ बनाया गया है। नरसिंहपुर के सीईओ जिला पंचायत सौरभ संजय सोनवणे को रीवा का जिला पंचायत सीईओ बनाया गया है।



**भाजपा ने अनूपपुर और राजगढ़ के जिलाध्यक्ष बदले-** भाजपा ने संगठन में बदलाव किया है। अनूपपुर के जिलाध्यक्ष बृजेश गौतम और राजगढ़ के जिलाध्यक्ष यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए गए हैं। रामदास पुरी को अनूपपुर जिलाध्यक्ष बनाया गया है। ज्ञानसिंह गुर्जर को राजगढ़ जिलाध्यक्ष बनाया है।

### फरार लोकायुक्त के पूर्व डीएसपी कुरचानिया सस्पेंड

लोकायुक्त के पूर्व कार्यवाहक डीएसपी योगेश कुरचानिया को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कुरचानिया पर नागरिक सहकारी बैंक, गंजबासौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) हरिओम भावसार को आय से अधिक संपत्ति का कूटरचित नोटिस दिखाकर एक लाख रुपए की डिमांड करने का आरोप है। उनके खिलाफ विदिशा के गंजबासौदा देहात में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया था। कुरचानिया फरार हो गए थे। निलंबन आदेश रविवार देर रात आया।

## अदाणी मुद्दे पर हंगामे के बीच राज्यसभा 13 मार्च तक स्थगित, लोकसभा में कार्यवाही जारी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार की शरुआत हंगामे के बीच हुई। राज्यसभा में अदाणी मामले को लेकर विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया। इस बीच एलओपी मल्लिकार्जुन खरगे के भाषण के कुछ अंश रिकॉर्ड से निकाले जाने को लेकर भी विपक्षी सांसद भड़क गए और सभापति के आसन के पास पहुंच गए। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही को 13 मार्च तक स्थगित कर दिया गया।



संसद के बजट सत्र के पहले चरण का आज आखिरी दिन है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर विपक्ष के सांसदों ने जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा किया। जिसके बाद उच्च सदन को स्थगित करना पड़ा। बता दें अडाणी पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर विपक्ष लगातार जेपीसी की मांग कर रहा है।

इधर, लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। सचिवालय ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी के विशेषाधिकार हनन के नोटिस पर राहुल गांधी से जवाब मांगा है। लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी से कहा है कि 15 फरवरी तक इस नोटिस पर जवाब दाखिल करें। राहुल को लोकसभा में नोटिस पर खड़गे ने कहा- राहुल गांधी ने संसद में जो कुछ भी कहा था वह पहले से पब्लिक डोमेन में है, जो सभी लोग बोलते-लिखते हैं वही बात उन्होंने कही है। इसमें कुछ भी असंसदीय नहीं है। इसलिए वह उसी हिसाब से नोटिस का जवाब देंगे।

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने उपराष्ट्रपति पर दबाव में काम करने का आरोप लगाया। इसपर सभापति धनखड़ भड़क गए। उन्होंने कहा- विपक्ष के नेता, आपने इतनी बार संकेत दिया है कि अध्यक्ष दबाव में काम कर रहे हैं। ये शब्द डिलिटेड हैं। आप सदन के पटल पर बने रहने के अपने अधिकार का हनन कर रहे हैं। हर बार आप कह रहे हैं कि अध्यक्ष दबाव में काम कर रहे हैं।

### 13 मार्च से शुरू होगा दूसरा चरण

बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होगा, जो 6 अप्रैल तक चलेगा। दूसरे चरण में संसद के दोनों सदनों में वित्त विधेयक पर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद विधेयक को दोनों सदनों से पास कराया जाएगा। 31 जनवरी से 6 अप्रैल तक कुल 66 दिनों (छुट्टी मिलाकर) में कुल 27 बैठकें होनी है।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा में प्राकृतिक चिकित्सा सेमिनार का आयोजन



**भोपाल।** रविवार समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक गायत्री प्रज्ञा पीठ ट्रस्ट बरखेड़ा भोपाल पर प्राकृतिक चिकित्सा सेमिनार का आयोजन किया गया ,जिसमे प्राकृतिक स्वास्थ्य सलाहकार डॉक्टर शैलेंद्र श्रीवास्तव का मार्गदर्शन रहा एवं दीपा श्रीवास्तव मनोचिकित्सक द्वारा मानसिक विकारों का उपचार बताया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के पूर्व सचिव श्री अशोक शाह जी ने भी सभी को संबोधित किया इस अवसर पर गायत्री परिवार के सभी वरिष्ठ भाई बहन एवम सभी सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे अंत में गायत्री प्रज्ञा पीठ के मुख्य ट्रस्टी श्री शिवनारायण राजपूत जी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

## नेशनल चैंपियनशिप में अजाक्स महिला मोर्चा प्रांताध्यक्ष निर्मला पाटिल की शानदार उपलब्धि




**भोपाल।** मिदनापुर वेस्ट बंगाल में आयोजित इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप में अजाक्स की महिला मोर्चा प्रांत अध्यक्ष निर्मला पाटिल संभागीय आईटीआई गोविंदपुरा में कार्यरत ने शानदार उपलब्धि हासिल की। भोपाल मध्य प्रदेश से निर्मला पाटिल ने 40+45, 5000 मीटर पैदल चाल में फर्स्ट, 10 किलो मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान तथा 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं 2 सिल्वर मेडल प्रशस्ति पत्र प्राप्त की है। इस चैंपियनशिप में श्रीलंका बांग्लादेश एवं नेपाल के भी एथलीट्स विशेष रूप से सम्मिलित हुए । निर्मला पाटिल के इस शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है नेशनल मास्टर्स गेम्स में 30 वर्ष से ऊपर के खिलाड़ी भाग लेते हैं प्रत्येक प्रदेश के चुने हुए खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल में भाग लेते हैं इसके बाद अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं इस प्रतियोगिता के विजेता जापान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## भेंट किया दुर्लभ प्रजाति का पौधा



**भोपाल।** वृक्ष मित्र सुनील सुधा दुबे ने डी पी तिवारी को पौधा भेंट किया। सेन्सवेरिया स्नेक लोटस प्लांट नामक यह पौधा अस्तमे के मरिजों को लाभ पहुचाता है। कमरे में रखने पर सभी दुषित जहरीली गैसों को अपने में सोख लेता है जिससे अस्तमे के मरिजों को लाभ होता है उसे अटेक नहीं आता है।

### गुफा मंदिर के महंत के सानिध्य में भूमिपूजन और आमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन

# महाशिवरात्रि पर होगा कालसर्प, मंगल और ग्रह दोष निवारण अनुष्ठान

संत हिरदाराम नगर। वैसे तो महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपूर्ण जिले में ही कई धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन संत हिरदाराम नगर में आयोजित होने वाला अनुष्ठान अपनी एक अनूठी और अलग पहचान रखता है। इस आयोजन में कालसर्प दोष, मंगल दोष और सर्वग्रह दोष निवारण हेतु विशेष अनुष्ठान किया जाता है। इस अनुष्ठान में शामिल होने वालों से कोई धनराशि नहीं ली जाती, पूर्णतः निःशुल्क अनुष्ठान में सभी सम्मिलित होकर कालसर्प दोष, मंगल दोष व गृह दोष निवारण कर सकते हैं। आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का भूमिपूजन रविवार को किया गया, आयोजन के संयोजक और माँ कंकाली धाम गौरव बचाओ गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा ने बताया कि गुफा मंदिर के महंत पूज्य 'महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामप्रवेश दास महाराज के कर कमलों से भूमिपूजन सम्पन हुआ। इसके बाद कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का विमोचन भी किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा ने महंत का शॉल ओढ़ाकर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आचार्य पंडित रवि पटेरिया, कथा व्यास पंडित राम मोहन तिवारी, कथा व्यास चंद्रभान उपाध्याय, पंडित सिखानंद, युवा नेता सोनू तोमर, वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, कमल मनसुखानी, रूप कुमार सोनी, तिलक सिंह गुर्जर, राधे महाराज, विवेक नागरूरकर, वीरेंद्र सिंह चैहान, प्रदीप पचैरी, अनीता मिश्रा,पार्वती पांडे, रानी परिहार, दीपाली दुबे, बिहारीलाल, दिलीप घोष, गौरव शर्मा, अचल ठाकुर, राहुल मालवीय, अरविंद मीना, रंजीत सिंह, रघुराज सराठे, राजकुमार विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, बृजेश राजपूत, दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।



### एलवीएस ओर पीकेपीएस स्कूल का आशीर्वाद समारोह आयोजित

# लक्ष्य हमेशा ऊंचा होना चाहिए : सिद्ध भाऊ

**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब के आशीर्वाद एवं सिद्ध भाऊ की प्रेरणा से लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा.विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल गांधीनगर में आज दिनांक 12 फरवरी 2023 को विद्यालय में आशीर्वाद समारोह परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ की पावन उपस्थिति मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, गुरूनानक देव जी एवं संत हिरदाराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लित कर किया गया तत्पश्चात् अतिथियों का संस्था के सचिव रमेश हिंगारानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, एवं प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी एवं शाला के प्राचार्यगण ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।



इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बच्चों ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की, संस्था मैंनेजमेंट एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की बहुत ही भूरी-भूरी प्रशंसा की और परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी को बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि उनके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें हमेशा मिलता रहा है जो हमें आगे बढ़ने और स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता है। उनके आशीर्वाद के बिना सब कुछ अधूरा है। इस शुभ अवसर पर परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने बच्चो को आर्शीवाद देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन और नम्रता का होना सफलता की सीढ़ी है। जो विद्यार्थी अपने आप को बड़ा बताता है वह जीवन में आगे नहीं बढ़ पाता है। माता-पिता और गुरू हमारे ईश्वर का रूप हैं। हमें कोई भी काम करने से पहले ईश्वर से प्रार्थना कर आशीर्वाद लेना चाहिए, ईश्वर का धन्यवाद करें। ईश्वर माता-पिता बच्चों में भेदभाव नहीं करते। बुरी संगती से बचना चाहिए, मित्र हमेशा पढ़ने वाला होना चाहिए जो अपने साथ-साथ आपको भी ऊँचाईयों तक ले जाए। 12वीं के बाद 5 साल की तपस्या और मेहनत छात्र को ऊँचे पद पर पहुँचा देती है। डिग्री के साथ-साथ ज्ञान का होना भी आवश्यक है। हमेशा लक्ष्य ऊँचा होना चाहिए। विद्यालय के संस्कार ही हमें आगे बढ़ने के लिए काम आते हैं, जहां भी जाओ नम्र हो, कृतज्ञता का भाव हो। लड़ाई नहीं है तो पढ़ाई होगी। इस शुभ अवसर पर परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने छात्र परिषद के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। छात्रों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के बच्चों ने ग्यारहवीं के बच्चों को ज्ञान की ज्योति प्रदान की एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति कोमल टहिलयानी ने किया एवं आभार श्रीमती आरती कुलकर्णी जी ने किया। इस अवसर पर शिक्षण समिति के पदाधिकारी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित थें।

## श्री काल भैरव की महाआरती आज

**भोपाल।** लालघाटी स्थित श्री काल भैरव मठ में माघ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर 13 फरवरी सोमवार रात्रि 12 बजे भगवान श्री काल भैरव जी की महा आरती एवं पायस भोग पूजन श्रृंगार एवं विजयमदेहि हवन किया जाएगा। श्री काल भैरव मठ प्रवक्ता पंडित दीपक तिवारी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से महाआरती में पधारकर धर्म लाभ प्राप्त करने अपील की है।

## थैलेसीमिया पीड़ित 25 बच्चों की हुई जांच, डॉक्टरों ने दी निशुल्क सेवाएं



**बोनमैरो मैच होगा तो ऑपरेशन के बाद बच्चों को मिलेगी नई जिन्दगी**

**संत हिरदाराम नगर।** थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को स्थाई रूप से निजात दिलाने के लिए संत नगर के मिनी मार्केट स्थित गुलानी क्लीनिक पर रक्तधारा थैलेसीमिया सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा थैलेसीमियां एचएलए जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें थैलेसीमिया से ग्रस्त 25 बच्चों का निशुल्क एचएलए टेस्ट किया गया। शिविर में राजीव गांधी हॉस्पिटल दिल्ली से डॉ. दिनेश भूरानी और भोपाल से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुलानी ने निशुल्क अपनी सेवाएं दी। शिविर में मुख्य रूप से रतलाम से थैलेसीमिया से ग्रस्त वर्षा पंवार उपस्थित थे। वर्षा पंवार ने बताया की जब वो 11 साल की थी तब से उनको ब्लड लगता है। अब वर्षा थैलेसीमिया बच्चों के लिए जगह-जगह शिविर लगाकर बच्चों और उनके परिवार को मार्गदर्शन देती है। सोसायटी के सचिव दीपक वासवानी ने बताया की शिविर में भोपाल के आसपास क्षेत्र से कई लोग पहुंचे जिनका टेस्ट किया गया। जिनका एचएचए मैच होगा उन बच्चों को बोनमैरो का ऑपरेशन हो सकेगा। शिविर में मुख्य रूप से साध्वी द्रोपदी धनवानी, जीतू डेटानी, महेश रूपानी, दीपक परयानी, दीपेश त्यागी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आरक्षण बचाओ एवं सामाजिक न्याय को लेकर की जनसभा

**भोपाल।** भेल दशहरा मैदान में आज ओबीसी एसटी एससी तत्वाधान में आरक्षण बचाओ एवं सामाजिक न्याय की एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को मुख्य रूप से भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन एवं अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल ओबीसी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी प्रीतम लोधी एवं ओबीसी एसटी एससी सामाजिक संगठन के सभी प्रमुख लोगों ने सभा को संबोधित किया। पटेल ने कहा कि शासन प्रशासन से हमारा अनुरोध है कि जाति जनगणना एवं 27 प्रतिशत आरक्षण तत्काल लागू करें अन्यथा यह मूलनिवासी समाज दिन प्रतिदिन अपनी मांगों को लेकर सड़क से लेकर विधानसभा और सांसद तक विशाल मोर्चा खोलेगी आज दशहरा मैदान में डेढ़ लाख से ऊपर ओबीसी एसटी एससी समाज एकत्रित होकर आरक्षण बचाओ मिशन को कामयाब किया गया भोपाल भेल दशहरा मैदान मैं और विभिन्न मांगों जैसे आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में सम्मिलित किया जाए। केंद्र और राज्य सरकारों से आर्थिक बराबरी का कानून लागू करवाने के लिए। एससी-एसटी एक्ट के तहत मृतक के परिवार को दी जाने वाली छतिपूर्ति की राशि बढ़ाकर 30 लाख की जाए

मनरेगा की दैनिक मजदूरी को बढ़ाकर न्यूनतम 700 किए जाए। मध्यप्रदेश में शासकीय स्कूलों मैं शिक्षा बेहतर कराई जाए। सभी शासकीय संस्थानों पर जो निजी करण किया जा रहा है बंद किया जाए।

## विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने किया मिलन समारोह का आयोजन



**भोपाल।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ भोपाल शाखा ने राजधानी के विद्युत पेंशनर्स परिवार सहित आज धनवंतरी पार्क बीएचईएल मे एकत्रित हुये कार्यक्रम के तहत 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स सर्वश्री ए के सिंह ( पूर्व मुख्य यंत्री जनरेशन सारणी) डॉ. सुधीर ठाकुर ( सारणी) इंजी आर के राजपूत , पंजाब राव, आरके राय आदि के सम्मान के साथ राजधानी के कर्मठ व वरिष्ठ पत्रकार रघुवीर तिवारी , संजय सक्सेना विष्णु डोबले पृथ्वीराज सिंह एवं संजीव गुप्ता का शाल श्रीफल से सम्मान संघ के प्रंतीय संरक्षक डा.शैलेन्द्र व्यास,प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता , उपाध्यक्ष एके अवस्थी ,भोपाल जिला अध्यक्ष के के मनबारे के द्वारा किया गया । इसके पूर्व डा. सुधीर ठाकुर ने लोगो को स्वस्थ जीवनशैली जीने व वरिष्ठ जनो को किस प्रकार डायबिटीज, बीपी आदि बीमारियो दूर रह सकते संबधी जानकारी देकर स्वस्थ रहने के तरीके बताये । उपस्थित अनेक महिला , पुरूष सदस्यो ने कविता , गीत आदि का सुन्दर गायन कर लोगो का मनोरंजन किया । प्रात: स्वल्पाहार व दोपहर वनभोज के बाद समारोह का समापन किया गया । संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य पेंशनर्स के एकाकी जीवन में उमंग उल्लास और आपसी मेलजोल से वृहत पेंशनर्स परिवार की अवधारणा है, जिससे कि आनंदमय के सभी वरिष्ठ जन अपना जीवन व्यतीत कर सके । सभी अतिथियो का सम्मान सचिव डीसी पवार ने किया। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इंजी अरविंद सीठा ने आभार व्यक्त किया



**महाराष्ट्र समाज की महिलाओं ने धन्वंतरि पार्क में हल्दी कुंकुम कार्यक्रम मनाया।**

## रवि किरण समाज कल्याण समिति ने मनाई रविदास जयंती



भोपाल। मध्यप्रदेश रवि करण समाज कल्याण समिति द्वारा आज राजधानी के धन्वंतरी पार्क में संत रविदास जयंती का आयोजन किया गया कार्यक्रम में संत रविदास के चित्र के समक्ष मध्यप्रदेश रवि क्लास समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष गुणवंत सेवतकर के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन पूजा अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा द्वारा संत रविदास के सुमधुर भजनों को प्रस्तुत किया गया मध्य प्रदेश रवि किरण कल्याण समिति के अध्यक्ष गुणवंत सेवतकर ने बताया कि समिति द्वारा मुख्य रूप से बैतूल मुलताई छिंदवाड़ा पांढुर्णा चौसर एवं नागपुर के रविदास समाज के सजातीय बंधु रविदास जयंती के समारोह में सम्मिलित हुए संत रविदास के दिखाए हुए मार्ग पर हम सभी लोग चलते रहें और पूरी दुनिया को राह दिखाने वाले संत रविदास के विचारों से सभी अवगत हों समाज समिति द्वारा प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है आज के कार्यक्रम में पारिवारिक परिचारिका 2023 सामाजिक जागृति सभी एक मंच पर का विमोचन भी किया गया आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग सपरिवार सम्मिलित हुए गुणवंत सेवतकर ने बताया कि मध्य प्रदेश रवि किरण कल्याण समिति शिक्षित हो संगठित हो संघर्ष करो के सूत्र वाक्य से कार्य करती हैं समिति द्वारा समाज के जरूरतमंद लोगों की समय-समय पर सहायता की जाती है मध्यप्रदेश रवि किरण समाज कल्याण समिति अध्यक्ष गुणवंत सेवतकर ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि

वरिष्ठ समाजसेवी सभी को एक सूत्र में बांधने का काम करने वाले एवं युवा साथी सदस्य जिनके अदम्य साहस निस्वार्थ सेवा एवं कर्मठता का ही परिणाम है कि आज इतना भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ सभी सम्मानीय समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं इस कार्यक्रम में पधारे परम सम्माननीय गणमान्य अतिथि गण का आभार व्यक्त किया एवं उम्मीद जताई कि इसी तत्परता एवं कर्मठता से सतत इस सामाजिक कार्य को आसमान की ऊंचाइयों तक भविष्य में ले जाएं एवं इस मंच को पूरे मध्यप्रदेश में अनूठा मंच प्रस्तुत करें कार्यक्रम में समिति केएन एल खांडेकर, हेमराज बिघाने, राम भाऊ,केवल नकले, अरुण कुमार,संगीता मोहवे ,उर्मिला झाड़े, बबलू मोहवे ,समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में रविदास समाज के पुरुष एवं महिलाएं सम्मिलित हुए।

# देश की 16 हिमालयीन और 26 मैदानी नदियों को जोड़ने का प्रारूप तैयार: प्रहलाद पटेल





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा है कि देश की 16 हिमालयीन और 26 मैदानी नदियों को जोड़ने का प्रारूप तैयार हो चुका है। जिसमें से पांच का उल्लेख बजट में किया गया है। मप्र व उप्र के बीच केन-बेतवा नदी जोड़ने की परियोजना इस दिशा में पहला काम है। केंद्रीय मंत्री पटेल शनिवार की रात में नगर के वार्ड क्रमांक चार में निजी कार्यक्रम में शामिल हुए व फिर विदिशा चले गए। उन्होंने मीडिया से चर्चा में यह बात कही। शे पटेल ने आज रायसेन जिले में स्थित बेतवा नदी का उद्गम स्थल देखा। केंद्रीय मंत्री पटेल ने बताया कि दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी भारत में है, लेकिन मात्र चार प्रतिशत जल हमारे पास है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के भविष्य ध्यान में रखते हुए पानी के पुख्ता इंतजाम की तीन बड़ी योजनाएं बनाई हैं।

पहली हर घर जल पहुंचाना, दूसरी अमृत सरोवर व तीसरी नदी जोड़ो परियोजना। इन तीनों ही योजनाओं पर काम चल रहा है। आजादी के सौ वर्ष होने पर देश की आबादी इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आने वाली पीढ़ी को पानी के बिना खुशहाल नहीं देख सकते। केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश भर में जल सरंक्षण की दिशा में तेजी के साथ कार्य हो रहा है। मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता है कि देश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पीने का जल मुहैया हो और इसी दिशा में हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य जल जीवन मिशन के तहत किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने देश की दशा व दिशा दोनों बदल दी है। पीएम मोदी का गुजरात का जो विशिष्ठ अनुभव था, वह देश में प्रयोग हो रहा है। जो लोग पानी के लिए घंटों इंतजार करते थे या दूर खेतों के कुओं से पानी लाते थे उनके लिए हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना सुकून भरी है। उन्होंने कहा कि पहले तालाबों पर कब्जा होता था, हम अपने बुजुर्गों के तालाबों को नहीं बचा पाए। कई तालाबों को महानगर खा गए हैं। जल संचयन के स्थायी स्त्रोत के रूप में अमृत सरोवर देश के प्रत्येक जिले में 75-75 बनाए जा रहे हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साठ प्रतिशत तालाबों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इन तीनों योजनाओं से देश में पानी की समस्या का हल हो सकेगा। अभी तुर्किए में आए भूकंप के कारण वहां 26 देशों से जहाजों से पानी पहुंचाना पड़ा है। इसलिए देश में पानी संचयन के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है।

## हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के पूर्व अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक संजय गुप्ता एडवोकेट सम्मानित



भोपाल। श्री हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के हाल ही में हुये अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद एक भव्य समारोह में शपथ विधि समारोह संपन्न हुआ एवं उपरोक्त शपथ विधि समारोह में हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान चुनाव के पर्यवेक्षक संजय गुप्ता एडवोकेट को सम्मानित किया गया एवं उन्हें एक भव्य शील्ड एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया। उपरोक्त सम्मान हिन्दू उत्सव समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष साहू द्वारा प्रदान किया गया। उपरोक्त सम्मान समारोह में जिला बार ऐसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ. पी.सी.कोठारी एवं चुनाव अधिकारी दीपेश श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। गुप्ता को सम्मान मिलने पर पूर्व अध्यक्षनारायण सिंह कुशवाह, सुबोध जैन, ईश दयाल शर्मा, राजेश चंचल, मनोहर पाठक, राजेन्द्र बब्बर, दीपचंद यादव, कैलाश मिश्रा, राकेश गोहिल, संजय दुबे, सी.एम.राठौर, सपना चौधरी इत्यादि ने बधाई प्रेषित की।

## चार देश चालीस कहानियां




भोपाल। एक सपना पूरा हुआ जागती आंखों से देखा सपनाज्पहले भाव ने शब्दों का चोला ओढ़ा और फिर शब्द पंक्तियों और पन्नों में समाते हुए किताब के रूप सामने आ गए। चार देश चालीस कहानियां छप कर आ गई है और बिल्कुल उम्मीदों के अनुरुप छपी/बनी है। हमने, अपने हिस्से का काम पूरी ईमानदारी से किया हैज्परिणाम आपके सामने है और आपकी प्रतिक्रियाओं से पता चलेगा कि हम कितने कामयाब रहे। चार देश चालीस कहानियां% किताब अब ऑनलाइन उपलब्ध है। आप नीचे दिए गए किसी भी लिंक पर जाकर उसे खरीद सकते हैं।

## दादाजी धाम मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनेगा

**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व बडे रुप से मनाया जाऐगा।उल्लेखनीय है कि दादाजी धाम मंदिर मे अखंड ज्योति, अखंड धूनी एवं भगवान अर्धनारीश्वर का जागृत स्थान है। दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव, कोषाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ट्रस्टी अनीता, अर्चना नामदेव एवं मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य दिलीप कराडे,सर्वश श्रद्धा श्रीवास्तव साधना स्वामी पुजारी राकेश स्वामी ने बताया है की महाशिवरात्रि पर्व की रूपरेखा के संबंध में मीटिंग हुई जिसमें बताया गया है कि 17 फरवरी को भगवान शिव एवं माता पार्वती को मेहंदी हल्दी सांय 6 बजे से लगाई जाएगी एवं 18 फरवरी दिन शनिवार को महाशिवरात्रि पर शाम 5बजे से भव्य शिव बारात बर्धमान सिटी एवं पटेल नगर क्षेत्र मे निकाली जाऐगी। इस अवसर दादाजी धाम मंदिर में भगवान शिव जी एवं माता पार्वती का विशेष श्रृंगार किया जाऐगा। प्रात: काल से ही मंदिर मे अभिषेक प्रारंभ होंगे। अखंड रात्रि चारों प्रहर की विशेष पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाऐगा।

ग्राम पिपरियाघाट, औसानखेड़ी, बकेना, निवोदिया, सोनपुर, हिरनखेड़ा तथा कनेरा में पहुंची विकास यात्रा

## भाजपा सरकार के विकास कार्य देखना है तो अतीत में झांक कर देखों: गोविंद सिंह राजपूत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपरियाघाट, औसानखेड़ी, बकेना, निवोदिया, सोनपुर, हिरनखेड़ा तथा कनेरा में विकास यात्रा पहुंची, जहां राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है, जिसका विकास शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की गली चोराहों तक दिख रहा है।

अगर भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों का मूल्यांकन करना है तो अतीत में झांक कर देखो, जहां ना सड़के हुआ करती थी ना ही पर्याप्त बिजली थी लेकिन भाजपा द्वारा हर गांव को पक्की सड़क से जोड़कर उनका विकास किया गया। पुल-पुलिया निर्माण कर ग्रामीणों को यातायात में सुलभता दी गई। इतना ही नहीं भाजपा द्वारा हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया गया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह भाजपा सरकार की ही सोच थी कि हर वर्ग मजबूत हो सशक्त हो ताकि हमारा देश मजबूत और सशक्त बन सके। विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन: राजपूत द्वारा




विकास यात्रा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड, संबल योजना आदि के हितग्राहियों को कार्ड बांट कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नल जल योजना, राम जानकी मंदिर, आंगनवाड़ी भवन, चबूतरा एवं बाउंड्रीवाल, रविदास मंदिर, हनुमान जी मंदिर, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण, निर्मल नीर, हाई स्कूल का अनुरक्षण कार्य, स्वास्थ्य केंद्र के अनुरक्षण कार्य आदि का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित राय, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू राय, भाजपा नेता विनोद कपूर, विनोद ओसवाल, जनपद सदस्य अनिल राय, सरपंच रेहान खान, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुरेश, रामशरण, प्रवीण गोस्वामी, वृंदावन चोबे, बबलू पठान, राहगढ़ जनपद सीईओ सुरेश प्रजापति सहित शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे सैकड़ों ग्रामीणों ने फूल मालाओं से विकास यात्रा का स्वागत किया।

## बोलकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले विकास पचौरी अब रहेंगे मौन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लगातार 101 घंटे बोलकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले समाजसेवी विकास पचौरी अपने 50 वे जन्मदिन 9 फरवरी गुरुवार से अब मौन साधना शुरू कर रहे हैं , यह मौन रहकर सभी मानव सेवा कार्यों को करते रहेंगे और मौन अवधि में का निरंतर जाप करते रहेंगे । विकास पचौरी ने बताया कि नि:शुल्क शव वाहन सेवा लावारिस एवं असहाय असमर्थ परिवारों के मृत शरीरों को विधि विधान से अंतिम संस्कार करने की जो सेवा पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं वह लगातार आगे भी जारी रहेगी , लेकिन अब विकास पचौरी से संपर्क करने के लिए इनके मोबाइल नंबर 94256 14950 पर मैसेज भेजकर अथवा शेरपुरा विदिशा स्थित इनके निवास पर जाकर सेवा की सूचना देनी होगी। विकास पचौरी ने बताया कि 50 वे जन्मदिन से शुरू की जा रही इस मौन साधना की कोई समय अवधि तय नहीं की है कि कितने दिन ,महीने या साल यह मौन साधना करनी है ।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित समाजसेवी विकास पचौरी बीते कई हफ्तों से प्रत्येक सोमवार मौन साधना करते आ रहे हैं ।

## सीएम के आदेश के बाद भी सालों से नहीं हुई कार्रवाई

**भोपाल।** राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष एमके सक्सेना का कहना है कि मध्यप्रदेश में 2016 में केबिनेट निर्णय हुआ कि 20वर्ष व्याख्याता पद सेवा पूर्ण करने के दिनांक से,दूसरा समयमान वेतनमान रु015600-39100 का लाभ हर व्याख्याता को दिया जाय,यह वेतनमान 94-95 के जूनियर व्याख्याताओं को ग्रेड-पे 6600 के साथ दिये जाने से,पे-फिक्सेशन से उन्हे लाभ हुआ,लेकिन 2017 मैं यही उक्त वेतनमान 74-75 के सीनियर व्याख्याताओं को कम ग्रेड-पे रु05400 के साथ दिये जाने से,पे-फिक्सेशन से उनका वेतन,पूर्व से मिल रहे वेतन से कम वेतन मिलना अर्थात उन्हे नुकसान होना,लेकिन 6वर्ष से,पे-फिक्सेशन से कम वेतन मिलने की यह गड़बड़ी दूर नहीं की जाना,74-75 के तीन हजार सीनियर व्याख्यातों को 2017 से मिले दितिय समयमान वेतमान के भुगतान से,उनका वंचित रहना,उनके साथ एसा घोर अन्याय क्यों है,क्यों दूर नहीं किया जाता है यह अन्याय,सवालिया प्रश्न लगा है ?

2022 में केबिनेट निर्णय हुआ कि,30वर्ष की एक पद सेवा पूर्ण करने पर कर्मचारी को तीसरे समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाय,इस संदर्भ मैं 30वर्ष व्याख्याता पद सेवा पूर्ण करने के दिनांक से,74-75 के व्याख्याताओं को तीसरे समयमान वेतमानरु012000-16500का लाभ दिया जाय,92-93 के जूनियर व्याख्याताओं को 30वर्ष व्याख्याता पद की सेवा पूर्ण होने पर उन्हे तीसरे समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है।

## 14 शिक्षकों को दो अग्रिम वृद्धियों की वसूली पर हाई कोर्ट का स्टे

**भोपाल ।** सतना जिले में पदस्थ शिक्षकों मुकेश सिंह, महेंद्र सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, रोशनी गौतम, धीरेंद्र सिंह, सरोज सिंह, राजकुमार शुक्ला, उमा पाण्डे, मिथिलेश शुक्ला, संध्या पांडेय, किरन सिंह, संगीता पांडेय, राजरानी परस्ते, अर्चना सिंह को, अध्यापक संवर्ग में रहते हुए, शासन के आदेश 13 दिसंबर 2009 के अनुपालन में, नसबंदी ऑपरेशन करवाने एवं ग्रीन कार्ड धारण करने के परिणामस्वरूप, दो अग्रिम वेतन वृद्धियां प्रदान की गई थीं। उपरोक्तानुसार, छठवें वेतनमान में निर्धारण किया गया था। परंतु अचानक वर्ष 2022 में संकुल प्राचार्यों द्वारा , वेतन निर्धारण छठे वेतनमान में त्रुटिपूर्ण बताकर एवं सरकारी आदेशों का हवाला देकर , छठवें वेतनमान के पुनर्निधारण के आदेश सर्विस बुक में टीप लिखकर , अग्रिम वेतन वृद्धि निरस्त कर , मासिक किस्तों में वसूली निर्देशित की गई थी। शिक्षकों द्वारा पीड़ित होकर, हाई कोर्ट की शरण ली गई थी। उनकी ओर से उच्च न्यायालय जबलपुर के वकील द्वारा कोर्ट को बताया गया कि छठवें वेतनमान में वर्तमान मूल वेतन के आधार पर वेतन निर्धारण नही कर, वर्षों के आधार पर कृत्रिम वेतन निर्धारण , ग्रीन कार्ड के कारण प्राप्त एडवांस इन्क्रीमेंट का लाभ समाप्त कर वसूली उत्पन्न कर रहा है। इस प्रकार की वसूली नियम विरुद्ध एवं प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा , अधिवक्ता श्री चतुर्वेदी को सुनने के बाद, विभाग से जबाब तलब करते हुए, मासिक वसूली को स्टे कर दिया गया है।



भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा निकाली के दौरान प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस मौके पर पूर्व महापौर आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुमित पचौरी आदि मौजूद रहे।



भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा निकाली जा रही है। इसमें प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह, सुरेंद्रनाथ सिंह, राहुल कोठारी, शैतान सिंह पाल, सुमित पचौरी, राजेंद्र गुप्ता आदि शामिल रहे।

## एम्स में की एचआईपीईसी की प्रथम सफल सर्जरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स भोपाल में मंगलवार को Stage - IV CA Ovary अण्डाशय के कैंसर की सर्जरी मध्य भारत में पहली बार सफलतापूर्वक की गई। एक 52 वर्षीय महिला जो स्टेज-4 के अण्डाशय के कैंसर से पीड़ित थी, जिसका कैंसर पेट में पूरा फैला हुआ था ।यह सर्जरी सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक चली उसके बाद मरीज़ को ड्ढष्ट में शिफ़्ट कर गहन निगरानी में रखा गया, जहाँ उसकी हालत स्थिर बनी रही तथा सफलतापूर्वक एक सप्ताह बाद छुट्टी कर दी गई । इस सर्जरी में एम्स ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. विनय कुमार, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. सोनवीर, डॉ. हर्ष एवं निस्चेतना विभाग के डॉ. हरीश एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही।डॉ. विनय कुमार ने बताया कि इस तरह की एडवांस कैंसर सर्जरी भोपाल एम्स तथा मध्य भारत में पहली बार की गई है । जिसमें स्टेज-4 कैंसर कहा क्यूरेटिव इलाज हुआ है । इस ऑपरेशन में दोनों अण्डाशय, बच्चादानी, पित्त की थैली एवं पेट में खून की नसों के पास लसिका ग्रंथियों को निकाला गया एवं इसके बाद 90 मिनट के लिए पेट में नई तकनीक से 42 - 43 ष्ट तापमान पर दवाई (कीमो थैरेपी) की गई । अब भविष्य में इस तरह की बीमारी के लिए एम्स भोपाल में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएँ मिल सकेंगी । यह क्यूरेटिव सर्जरी अपने आप में एक अनोखी सर्जरी है । एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो डॉ अजय सिंह ने टीम को बधाई दी ।

## कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** नर्सिंग महाविद्यालय एम्स द्वारा करुणामय इनीशिएटिव के तहत बेसिक लाइफ़ सपोर्ट पर शासकीय राजा भोज उच्च माध्यमिक विद्यालय 1100 क्वार्टर अरेरा कॉलोनी में कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें सौ से भी अधिक छात्रों को सीपीआर के स्ट्रैप्स के बारे में बताया गया और मैनिकिन के माध्यम से सीपीआर का डेमोंस्ट्रेशन दिया गया । छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यशाला में भाग लिया तथा यह प्रतिज्ञा ली कि वो किसी भी ज़रूरत मंद को सीपीआर देकर उसकी जान बचाएंगे ।

इस अवसर पर श्रीमती माधुरी,श्रीमती ज्योति वरिष्ठ शिक्षक, शासकीय राजा भोज उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं डॉ. अनुराग भाई पाटीदार, डॉ. लिली पोद्दार एसोसिएट प्रोफ़ेसर नर्सिंग कॉलेज उपस्थित थे ।

स म्पा द की य

# चुनावी शक्ति प्रदर्शन का दौर?

मध्यप्रदेश में पहले करणी सेना और फिर भीम आर्मी के प्रदर्शन ने ये संकेत दे दिए हैं कि इस बार के चुनाव दोनों प्रमुख दलों के लिए आसान होने वाले नहीं हैं। एक पार्टी जहां हिंदू-मुस्लिम वाले मुद्दों को बढ़ावा देने की आरोपी है, तो दूसरी पार्टी अपनी की कमजोरियों से दो-दो हाथ कर रही है। इस बीच प्रदेश में जातिगत और सामाजिक आंदोलनों ने जहां सत्ताधारी दल बीजेपी और कांग्रेस की मुसीबत बढ़ाई है, वहीं यह भी संदेश दे दिया है कि अगले चुनावों में असल मुद्दों को लेकर नहीं अपितु जाति और संप्रदाय के आधार पर चुनाव हो सकते हैं।

लोकतंत्र में आंदोलनों का अपना महत्व है। सरकार में काम कर रहे कर्मचारियों के अपने आंदोलन होते हैं तो अन्य स्तरों पर भी आंदोलन चलते रहते हैं। लेकिन चुनावी आंदोलनों की बात ही कुछ और होती है। जैसे ही चुनाव आते हैं, कई संगठन जैसे सोते से उठते हैं और मैदान में उतर आते हैं। प्रदेश की बात करें तो अगले माह नवंबर में चुनाव होने हैं। इसकी जमीन अभी से तैयार करना शुरू कर दिया गया है। प्रदेश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण तो पिछले तीन दशकों से कुछ ज्यादा ही होता है, खासकर यहां के प्रमुख शहरों में, लेकिन अब जातिगत ध्रुवीकरण की प्रक्रिया भी शुरू होती दिख रही है। हालांकि चंबल-ग्वालियर, बुंदेलखंड और विंध्य में जातिगत राजनीति काफी लंबे समय से चलती आ रही है, लेकिन अब यह पूरे प्रदेश में ही पांव पसार चुकी है। आंदोलन की बात करें तो पहले 8 जनवरी को राजधानी के जंबूरी मैदान पर करणी सेना परिवार ने अपनी मांगों को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया। मुख्य मांग थी कि जातिगत आरक्षण बंद किया जाए। इस आंदोलन के एक महीने बाद भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने 12 फरवरी को अपनी ताकत दिखाई। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने विधानसभा चुनाव तक मध्यप्रदेश में 5 यात्रा निकालने और सत्ता परिवर्तन के लिए लड़ाई जारी रखने का ऐलान कर दिया। आरक्षण के समर्थन में दलित और आदिवासी वर्ग के साथ ही ओबीसी महासभा ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया। भीम आर्मी के आंदोलन के पीछे की बड़ी वजह करणी सेना के आंदोलन में आरक्षण में संशोधन और एट्रोसिटी एक्ट के नियमों में बदलाव की मांगों को माना जा रहा है। जनवरी में करणी सेना के आंदोलन के दौरान ही भीम आर्मी ने भोपाल में आरक्षण के समर्थन में बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी थी।

आजाद समाज पार्टी का कहना है कि जब दलितों के खिलाफ अन्याय के मामले बढ़ने लगे तो पिछले साल 16 अक्टूबर को हमने प्रदेशभर में यात्रा निकालने की रणनीति बनाई थी। अन्याय के खिलाफ सामाजिक न्याय यात्रा 2 जनवरी को हम भोपाल में खत्म करने वाले थे, लेकिन भोपाल में प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। फिर हमने 10 जनवरी की परमिशन मांगी, वह भी नहीं दी। फिर 12 फरवरी को भोपाल में आंदोलन की डेट फाइनल हुई। हमने पिछले साल 9 दिसंबर को इसकी घोषणा की थी। इसी बीच करणी सेना के आंदोलन में आरक्षण को लेकर बात छेड़ दी। सरकार ने भी करणी सेना का साथ दिया। फिर हमने तय किया कि हम आरक्षण के समर्थन में लड़ेंगे और प्रदेशभर में विधानसभा से लेकर संभाग स्तर पर प्रचार किया।

करणी सेना के आंदोलन ने बीजेपी को तनाव दे दिया है। राजपूत और सवर्णों के तमाम संगठनों ने इस आंदोलन को समर्थन दिया। इसमें सरकार के खिलाफ उठे विरोध के स्वरों ने सरकार को दो तरफा चिंता में डाल दिया, लेकिन आंदोलन में हुई आपत्तिजनक नारेबाजी के बाद पांसा उलट गया। अब केस दर्ज होने के बाद करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं को खुद को कानूनी पेंच से बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। हालांकि करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर हुई कार्रवाई से मालवा, निमाड़ में बीजेपी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। असल में प्रदेश के एक मंत्री ने करणी सेना के आंदोलन को फीका करने या तोड़ने के मकसद से मुख्यमंत्री निवास में राजपूत समाज का सम्मेलन करवा लिया और मुख्यमंत्री से कुछ घोषणाएं भी करवा लीं। एक मंदिर का शिलान्यास भी तुरत-फुरत करवा लिया। ये मंत्री अपने आप को राजपूत समाज का बड़ा ठेकेदार समझने लगे थे, पर इनका गणित फेल हो गया।

करणी सेना के बाद दलित-आदिवासियों के आंदोलन से भाजपा कुछ राहत महसूस कर सकती है, क्योंकि भाजपा का मानना है कि इस बार उसे दलित और आदिवासियों के वोट कम मिलेंगे। ये वोट कांग्रेस के खाते में जा सकते हैं। इसलिए भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के आंदोलन से कांग्रेस को नुकसान और भाजपा को कुछ हद तक फायदा हो सकता है। किसे फायदा होगा और किसे नुकसान, यह तो बाद की बात है, लेकिन अभी तो प्रदेश में जिस तरह से जातिगत मुद्दों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ब्राह्मण बनाम ओबीसी और कभी रामचरित मानस के मुद्दों को उछाला जा रहा है, वह यहां के सामाजिक तानेबाने को और नुकसान पहुंचा सकता है।

Vallabh Bhawan Corridor 2 Central Vista

# मोहम्मद सुलेमान का जलवा...

पेज एक से जारी....

**कांग्रेस अधिवेशन की कमेटियों में एमपी के दिग्गज नेताओं के नाम नहीं!**

कांग्रेस का 85वां पूर्ण अधिवेशन रायपुर में 24 से 26 फरवरी के बीच आयोजित होगा। इससे पहले कांग्रेस का पिछला पूर्ण अधिवेशन वर्ष 2018 में दिल्ली में आयोजित हुआ था। इस अधिवेशन में राजनीति और अर्थव्यवस्था समेत 6 विषयों पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। मल्लिकार्जुन खडगे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पार्टी का पूर्ण अधिवेशन होगा। इसमें उनके निर्वाचन पर औपचारिक रूप से मुहर लगेगी और नई कार्य समिति के गठन की शुरुआत भी होगी।

मध्यप्रदेश की दृष्टि से इस अधिवेशन को लेकर खास बात ये कि इसके लिए बनाई गई 6 कमेटियों में मध्यप्रदेश के दो दिग्गज नेताओं को किनारे कर दिया गया। कमलनाथ और दिग्विजयसिंह जैसे बड़े नाम इसमें नदारद हैं। मध्यप्रदेश से सिर्फ दो नेताओं को जगह मिली। ड्राफ्टिंग कमेटी में विवेक तनखा और किसानों और खेती की समिति में अरुण यादव का नाम है। बाकी बड़े नेताओं को हाशिये पर क्यों रखा गया, ये पार्टी में चर्चा का विषय है और मध्यप्रदेश की दृष्टि से आश्चर्य जनक भी कहा जा सकता है।

**कई राज्यों के राज्यपाल बदले, 'ताई' फिर निराश!**



राष्ट्रपति ने 13 राज्यों के राज्यपाल और एलजी बदल दिए। लेकिन, इंदौर से आठ बार सांसद रहीं सुमित्रा महाजन को राज्यपाल बनाने की सारी अटकलें फिर गलत साबित हुई। ये तीन बार हुआ, जब 'ताई' समर्थकों की उम्मीदें सही नहीं निकली। देखा गया है कि जब भी सुमित्रा महाजन के समर्थकों को लगता है कि उनकी नेता कमजोर हो रही हैं, तो वे उन्हें राज्यपाल बनाने का शिगूफा छोड़ देते हैं। खास बात ये कि हर बार उन्हें महाराष्ट्र का ही राज्यपाल बनाए जाने की बात चर्चा में आई।

पिछले साल 11 अक्टूबर को जब प्रधानमंत्री श्री महाकाल लोक के लोकार्पण के लिए उज्जैन आए थे, तब उन्होंने सुमित्रा महाजन से बातचीत की थी। उसके बाद उनकी राजनीतिक सक्रियता भी बढ़ गई थी। इंदौर से जुड़े मामलों में भी उन्होंने बैठकें लेना शुरू कर दिया था। इसी बीच अटकलों का बाजार गरम हो गया कि उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया जा रहा है। इसके बाद बधाइयों का तांता लग गया।

सोशल मीडिया पर उन्हें शुभकामनाएं दी जाने लगीं। इसके छह महीने पहले भी 'ताई' को महाराष्ट्र और गोवा का राज्यपाल बनाए जाने की हवा चली थी। पहले भी 'ताई' समर्थकों ने ऐसी ही नियुक्ति के झंडे लहराए थे। दरअसल, सुमित्रा महाजन के समर्थकों में राजनीतिक समझ वालों की कमी है। यही कारण है कि वे बिना संवैधानिक व्यवस्थाओं की जानकारी के बयानबाजी किया करते हैं। ये अलग बात है कि 'ताई' भी उन्हें समझाने के बजाए समर्थकों को ख्याली पुलाव बनाने का मौका देती है।

**विधानसभा चुनाव में शिवराज ही बीजेपी का चेहरा होंगे!**

मध्यप्रदेश को लेकर लंबे समय से भाजपा में सुगबुगाहट है कि विधानसभा चुनाव से पहले क्या होगा! लेकिन, किसी के पास इस सवाल का पक्का जवाब नहीं है। यही कारण है कि सवाल लगातार आकार बढ़ाता जा रहा है। क्या मुख्यमंत्री चुनाव तक रहेंगे? क्या प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा को दूसरे कार्यकाल का मौका मिलेगा? क्या विधानसभा चुनाव तक दोनों रहेंगे या दोनों हटेंगे, क्या दोनों में से कोई एक हटेगा? ऐसे कई सवाल हवा में हैं, पर अब धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होती जा रही है। ऐसा लगता है और यह दिखाई भी दे रहा है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधानसभा चुनाव तक रहेंगे। पार्टी उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी।



लेकिन, सियासी गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि वीडी शर्मा को उनका कार्यकाल पूरा होने पर पद से मुक्त किया जा सकता है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी जगह किसी वरिष्ठ नेता को मध्य प्रदेश के भाजपा संगठन की कमान सौंपी जा सकती है।

पहले यह कहा जा रहा था कि जेपी नड्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से वीडी का पलड़ा मजबूत हुआ है और वे बने रहेंगे, पर दिल्ली का सूत्र बता रहे हैं कि जेपी नड्डा के होते हुए भी वीडी शर्मा हटाए गए तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। अब देखना है कि पार्टी द्वारा अध्यक्ष पद के लिए कोई आदिवासी फार्मूला इस्तेमाल किया जाता है या मध्य प्रदेश के किसी जानकार और अनुभवी नेता को यह जिम्मेदारी दी जाती है।

**उमा भारती से कैसे निजात पाएगी भाजपा!**

इन दिनों भाजपा नेता उमा भारती पूरे फॉर्म में है। वह क्यों है यह बात किसी से छुपी नहीं है। उनकी नाराजगी पार्टी से है, सरकार से है या शिवराज सिंह से ये किसी को समझ नहीं आ रहा! क्योंकि, वे अपनी बयानबाजी में किसी को नहीं बक्श रही। यही कारण है कि उन्होंने शराबबंदी को हथियार बनाकर शिवराज सरकार पर हमला करना शुरू कर दिया। करीब साल भर से वे किसी ने किसी बहाने सरकार को घेरती नजर आ रही है। कभी रायसेन के किले के मंदिर का दरवाजा खोलने के लिए, कभी शराबबंदी को लेकर, कभी शराबनीति को लेकर वे मुखर होने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

उनका कहना है कि मैंने अपने सुझाव सरकार को दे दिए थे कि शराब नीति कैसी होना चाहिए! दरअसल, वे सुझाव को आदेश की तरह समझ रही है। उन्होंने आदेश नहीं दिए और इसका उन्हें अधिकार भी नहीं है। लेकिन, वे इस तरह प्रचारित कर रही हैं कि उन्होंने जो सुझाव दिए हैं, वह मान लिया जाए और उसी हिसाब से मध्यप्रदेश की शराब नीति बने।

उनके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि यदि प्रदेश में शराबबंदी कर दी गई, तो प्रदेश को हर साल मिलने वाला करीब साढ़े 11 हजार करोड़ के राजस्व के नुकसान की पूर्ति कहां होगी? क्योंकि, यह नुकसान छोटा-मोटा नहीं है और मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था जिस स्थिति में है उसमें इतना बड़ा नुकसान असहनीय होगा। उमा भारती की आदत है कि वे किसी की सुनने की स्थिति में नहीं रहती। लेकिन, अब स्थिति यहां तक आ गई कि शायद पार्टी को चुनाव से पहले उमा भारती को लेकर कोई गंभीर फैसला लेना पड़े।

यदि वे पार्टी में रहेंगी, तो उन्हें पार्टी की रीति-नीति के हिसाब से चलना पड़ेगा अन्यथा पार्टी उनसे मुक्त हो सकती है। लेकिन, मुक्त होने की स्थिति में 9त्न लोधी वोटर को पार्टी किस तरह मैनेज करेगी, उसे देखना होगा। क्योंकि, उमा भारती की यही सबसे बड़ी ताकत है। इसके अलावा उनके पास कोई ऐसे लोग भी नहीं हैं, जो उनके समर्थन में सड़क पर आ सके। लेकिन, जो भी होना है पार्टी आप उनके बारे में जल्दी फैसला करने के मूड में दिखाई दे रही है।



**क्या कमलनाथ ही कांग्रेस के भावी सीएम होंगे?**

इन दिनों कांग्रेस में जमकर खदबदाहट के आसार हैं। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। अभी तक जिस तरह की स्थिति थी, वह ज्यादा बिगड़ रही है। ख़ास बात ये कि सबके निशाने पर कांग्रेस के अध्यक्ष का कमलनाथ ही दिखाई दे रहे हैं। सबसे ज्यादा विरोध उनको 'भावी मुख्यमंत्री' की तरह प्रचारित किए जाने को लेकर है। कमलनाथ समर्थक नेता उन्हें भावी मुख्यमंत्री तरह प्रचारित कर रहे हैं और उनके होर्डिंग और पोस्टर लगा रहे हैं। इस बात को लेकर पार्टी के कुछ नेताओं ने दबी-जुबान से और कुछ नेताओं ने मुखरता के साथ विरोध प्रकट किया।

कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व में अभी तक उन्हें भावी मुख्यमंत्री नहीं बताया। लेकिन, भावी मुख्यमंत्री कौन होगा इसे लेकर भी कोई स्थिति स्पष्ट नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि वे ही 'भावी' होंगे। क्योंकि, प्रदेश के हालात ऐसे हैं कि कोई भी नेता पूरे मध्यप्रदेश में स्वीकार्य हो, ऐसा दिखाई नहीं दे रहा। जो है उसे पार्टी आगे नहीं बढ़ा रही! ऐसे में अजय सिंह और अरुण यादव जैसे नेता कमलनाथ के विरोध में उतरते दिखाई दे रहे हैं तो इसे आश्चर्य नहीं कहा जा सकता! इसलिए कि कोई भी कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार करने को तैयार दिखाई नहीं दे रहा।

इसके अलावा पार्टी के नेताओं में कमलनाथ के व्यवहार को लेकर भी काफी शिकायतें हैं। उनका विधायकों और नेताओं को समय नहीं देना, उनसे मिनटों में बात करना और सबसे बड़ी बात यह कि किसी की बात सुनने के बजाए वे आदेश देने में ज्यादा विश्वास करते हैं। इसका असर यह हुआ कि पार्टी में खींचतान की स्थिति पैदा हो गई।

नई कार्यकारिणी के बाद जिस तरह के हालात बने हैं, उससे कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व के भी नाराज होने की ख़बरें हैं। खंडवा और इंदौर के अध्यक्षों को घोषणा के बाद उन्हें होल्ड पर रखा जाना और नए नाम पर विचार किया जाना ऐसी घटना है, जिसने कमलनाथ को कमजोर किया है। कमलनाथ इनसे सीख लेने के बजाय अपनी जिद पर अड़े हैं। अब गेंद राष्ट्रीय नेतृत्व के पाले में है कि आगे क्या फैसला होता है। वे वास्तव में भावी मुख्यमंत्री होंगे या नहीं!

**बेटी की शादी में आईएएस ने बेसहाराओं को भोज दिया:** घर में बेटी की शादी हो, तो अमीर हो या गरीब सभी लोग खुशियां अपने परिवार और स्नेहियों के बीच मनाते हैं। लेकिन, यदि कोई आईएएस अधिकारी अपनी बेटी की शादी की खुशियां गरीब, बेसहारा और कन्याओं के साथ मनाए तो उसे क्या कहा जाएगा! ये कोई ख्याली सवाल नहीं बल्कि सच्चाई है। लेकिन, ग्वालियर में एक आईएएस अधिकारी किशोर कन्याल ने अपनी बेटी की शादी में यही किया।

ग्वालियर नगर निगम कमिश्नर किशोर कन्याल की बेटी देवांशी की शुक्रवार को शादी थी। उन्होंने शहर के थ्री-स्टार होटल में हुए इस शाही भोज में कन्याल, उनकी बेटी और पत्नी ने हाथों से आमंत्रित गरीबों, बेसहाराओं और कन्याओं को भोजन परोसा। इसके बाद उन्हें उपहार देकर सम्मान के साथ विदा किया। इस भोज में स्वर्ग सदन आश्रम में रहने वाले गरीब बेसहारा शामिल हुए। सभी ने बेटी देवांशी को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

किशोर कन्याल ने कहा कि उनकी बेटी की खुशियों में सभी हकदार हैं। चाहे वे हमारे साथी अधिकारी हों, कर्मचारी साथी हों या फिर शहर के बेसहारा गरीब और कन्याएं। बेटी की शादी में इन सभी को भोज कराने से मुझे बहुत सुकून मिला। द्भस् किशोर कन्याल ग्वालियर नगर निगम कमिश्नर हैं और अपने व्यवहार के कारण काफी लोकप्रिय हैं। वे महिलाओं की समस्याओं को जानने के लिए कई बार जमीन पर बैठकर भी चर्चा कर चुके हैं। उनकी सादगी की भी चर्चा होती रहती है।

सोशल मीडिया पर इस आईएएस अधिकारी की सहृदयता की तारीफ हो रही है। स्वर्ग सदन आश्रम के संचालक विकास गोस्वामी ने भी इसे प्रेरणा से भरा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे दूसरे लोगों को भी लगेगा कि अपनी खुशियों में हमें उन लोगों को भी शामिल करना चाहिए जिनके लिए ये एक सब एक ख्वाब होता है।

**शहडोल के एडीजीपी डीसी सागर के डांस पर सब फ़िदा:** शहडोल के एडीजीपी डीसी सागर सिर्फ पुलिस अधिकारी ही नहीं, उससे अलग बहुत कुछ हैं। उनकी फिजिकल फिटनेस, सुदर्शन व्यक्तित्व को तो सभी पसंद करते हैं। लेकिन, अब उनकी एक और खासियत सामने आई। भोपाल में 4 और 5 फ़रवरी को हुई 'आईपीएस मीट' में उन्होंने मंच पर धमाल मचा दिया।

एडीजीपी ने अपनी टीम के साथ गोंडवाना संस्कृति की झलक दिखाते हुए 'दीया तरे उजियार' नाटिका प्रस्तुत की। उनके साथ बालाघाट, जबलपुर और शहडोल के पुलिस अधिकारी भी साथ रहे। नाटिका के दौरान सभी ने अपनी अभिनय क्षमता दिखाई! मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर को 'बेस्ट एक्टर' का अवार्ड दिया। उन्होंने मंच पर हनुमान चालीसा भी प्रस्तुति दी। इस साल मकर संक्रांति के दिन भी शहडोल पुलिस लाइन में 'हर हर शंभू' की धुन पर डांस करते हुए पतंगबाजी की थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था।

**डीजी एम्पैनलमेंट में एमपी से कोई आईपीएस अधिकारी नहीं:** केंद्र सरकार ने हाल ही में आईपीएस अधिकारियों का बहुप्रतीक्षित एम्पैनलमेंट कर दिया। डीओपीटी के आदेश के अनुसार 20 अधिकारियों को केंद्र में डीजी एम्पैनल किया गया है। ये आईपीएस अधिकारी 1988 और 1990 बैच के है। इनमें दो अधिकारी रश्मि शुक्ला और विवेक सहाय 1988 बैच के है। 18 आईपीएस अधिकारी 1990 बैच के है। 1990 बैच के तीन आईपीएस अधिकारी सीमा अग्रवाल, एस एस चतुर्वेदी और तिलोत्तमा वर्मा को डीजी समकक्ष एम्पैनल किया गया है है। इन 20 अधिकारियों में मध्य प्रदेश से कोई भी आईपीएस अधिकारी डीजी लेवल पर एंपैनल नहीं हो पाया।

केंद्र सरकार ने डी जी के साथ ही एडीजी स्तर के अधिकारियों का भी एंपैनलमेंट किया है। 1992 बैच के केवल तीन आईपीएस और 1994 के 30 आईपीएस अधिकारी एडीजी एम्पैनल हुए हैं। एडीजी स्तर पर मध्यप्रदेश से केवल दो अधिकारी 1994 बैच के एंपेनल्ड किए गए हैं। यह है अनंत कुमार सिंह और मनमीत सिंह नारंग।

# मदनी: इस्लाम जन्मा भारत में ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मुखिया महमूद मदनी के बयान पर इधर हंगामा मचा हुआ है। हमारे टीवी चैनलों पर आजकल यही सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। मदनी के इस कथन का कोई एतिहासिक प्रमाण नहीं है कि ''इस्लाम का जन्म-स्थान अरब देश नहीं, भारत है। पहले नवी का जन्म भारत में ही हुआ है। यह मुसलमानों की मातृभूमि है। इस्लाम को विदेशी मजहब मानना एतिहासिक दृष्टि से गलत है और बिल्कुल निराधार है।'' ये वाक्य मदनी ने पढ़कर सुनाए थे, जमीयत के 34 वें अधिवेशन में। यों तो मदनी अपने आप में उत्तम वक्ता हैं लेकिन यह समझ में नहीं आया कि ये विवादास्पद वाक्य उन्होंने पढ़कर क्यों सुनाए? हो सकता है कि जैसे हमारे बड़े नेताओं के भाषण उनके अफसर लिखकर दे देते हैं और वे उन्हें श्रोताओं के सामने पढ़ डालते हैं, वैसे ही यह गलती मदनी से भी हो गई है। लेकिन इस गलती के पीछे छिपी भावना को समझने की कोशिश की जाए तो लगेगा कि मदनी किसी भी बड़े से बड़े हिंदू से भी कम नहीं हैं। मदनी के पूरे भाषण का सार यह है कि भारत के मुसलमानों की श्रद्धा और आस्था का सर्वोच्च केंद्र अगर कहीं है तो वह भारत में ही है।

भारत जितना हिंदुओं का है, उतना ही मुसलमानों का भी है। यदि जिन्ना को यह बात समझ में आ जाती तो पाकिस्तान बनता ही क्यों? मैं तो चाहता हूं कि मदनी, ओवैसी तथा कई मुस्लिम नेता मेरे उस कथन को दोहराएं, जो कई वर्ष पहले मैंने दुबई में हमारे दूतावास द्वारा आयोजित एक बड़ी सभा में कहे थे। उस सभा की अगली पंक्ति में कई जाने-माने अरब शेख लोग भी बैठे थे। मैंने कहा था कि मुझे हमारे भारतीय मुसलमानों पर गर्व है, क्योंकि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मुसलमान हैं। वे सर्वश्रेष्ठ इसलिए हैं कि उनके रगों में पैगंबर मुहम्मद के क्रांतिकारी सुधारों की धारा के साथ-साथ भारतीय संस्कारों की सदियों पुरानी पवित्र गंगा भी बहती है। मदनीजी का यह भाषण मेरे इस कथन को और भी अधिक मजबूत बनाता है, क्योंकि भारत के मुसलमान कौन हैं? वे सब पहले भारतीय ही थे, हिंदू ही थे और आजकल जिन्हें मुसलमान कहा जाता है। अरब, ईरान, तुर्कीए और अफगानिस्तान से आनेवाले फौजियों और सूफी संतों की संख्या कितनी थी? अब तो उनकी संतान कौन है और कौन नहीं, यह पता लगाना भी लगभग असंभव है। वे विदेशी लोग आटे में नमक की तरह एक-मेक हो गए हैं। इसीलिए संघ-प्रमुख मोहन भागवत ठीक ही कहते हैं कि हिंदु और मुसलमानों का डीएनए तो एक ही है। यही बात कुछ नए ढंग से महमूद मदनी कहने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के हिंदू लोग जिस 'हिंदू' शब्द को बड़े गर्व से अपने लिए बोलते हैं, वह भी उन्हें विदेशी मुसलमानों का ही दिया हुआ है। भारत के किसी भी प्राचीन ग्रंथ में 'हिंदू' शब्द कहीं नहीं आया है।

# कलेक्टर ने लगाई कमलनाथ के आरोप पर मुहर

दिनेश निगम 'त्यागी'



प्रदेश के दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा लगाए जा रहे एक आरोप पर एक कलेक्टर ने ही मुहर लगा दी। कमलनाथ अधिकांश अवसर पर कहते हैं कि मुझे मालूम है कि कई अफसर भाजपा का बिल्ला जेब में रखकर घूमते और काम करते हैं। वे चेतावनी देते हैं कि ऐसे अफसरों की सूची कांग्रेस के पास है। इन पर हमारी नजर भी है।

आज के बाद कल भी आएगा। हमारी सरकार बनेगी और इनका हिसाब किया जाएगा। कमलनाथ के इस राजनीतिक बयान का भाजपा राजनीतिक तौर पर जवाब देती रही है लेकिन पहली बार पन्ना के कलेक्टर ने ही कमलनाथ के आरोप को सही ठहरा दिया। विकास यात्रा के दौरान उन्होंने सार्वजनिक तौर पर लोगों से कहा कि अगले 25 साल तक इसी सरकार के साथ बने रहना है। किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। कई और बातें कलेक्टर ने ऐसी कहीं, जो भाजपा का कोई नेता ही बोल सकता है। बस क्या था, कांग्रेस इस कलेक्टर और भाजपा पर पिल पड़ी। नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा को पत्र लिखकर कलेक्टर को भाजपा में शामिल करने की सलाह दे डाली। नियमानुसार कोई कलेक्टर इस तरह की भाषा नहीं बोल सकता। यदि राज्य और केंद्र दोनों जगह भाजपा सत्ता में न होती तो कलेक्टर को लेने के देने पड़ जाते।





**शिवराज मिला पाएंगे गोविंद-भूपेंद्र के दिल?**

सागर में दो मंत्रियों के बीच चल रहे 'युद्ध' को शांत करने की कोशिश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुरू कर दी है। ये हैं परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह। गोविंद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खास हैं जबकि भूपेंद्र की गिनती मुख्यमंत्री चौहान के नजदीकी मंत्रियों में होती है।

इनके बीच विवाद की वजह हैं भाजपा से निष्कासित किए जा चुके राजकुमार धनौरा। धनौरा मंत्री भूपेंद्र के रिश्तेदार भी हैं। इन्होंने गोविंद के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसकी वजह से वे भाजपा उन्हें बाहर का दरवाजा दिखा चुकी है। बावजूद इसके गोविंद के खिलाफ उनका अभियान लगातार जारी है। मुख्यमंत्री चौहान को इसकी जानकारी है। इसीलिए हाल के सागर दौरे के दौरान उन्होंने भूपेंद्र एवं गोविंद को बैठकर विवाद सुलझाने के निर्देश दिए। इसके बाद गोविंद, भूपेंद्र एवं राजकुमार की एक बैठक हो चुकी है। संभवत-इसीलिए अब गोविंद के खिलाफ आरोपों का कोई नया वीडिया सामने नहीं आया। धनौरा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध हैं, फिर भी वह खुल आम घूम रहे हैं। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे लगता है मुख्यमंत्री के निर्देश एवं इनके बीच बैठक का असर हुआ है। सवाल यह है कि मुख्यमंत्री ने बैठक तो करा दी लेकिन क्या वे इनके दिल भी मिला पाएंगे?

**माथे पर चिंता की लकीरे लाने वाले ये नजारे**



यह सच है कि प्रदेश में चल रहीं विकास यात्राओं से प्रदेश सरकार की छवि निखर रही है और भाजपा मजबूत हो रही है। बावजूद इसके कई अद्भुत नजारे भाजपा को चिंता में डालने वाले भी हैं। सबसे चिंताजनक वायरल वीडियो हैं। एक में मंच पर बार बाला का अश्लील डांस हो रहा है और बैनर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोटो के साथ विकास यात्रा का लगा है।

दूसरे में बेड़नियां अश्लील डांस कर रही हैं और बैनर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का लगा है। वीडियो बुंदेलखंड के एक कस्बे के बताए जा रहे हैं। सही हैं या गलत, इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इससे भाजपा की छवि को धक्का लगा है। एक अन्य वीडियो में विकास यात्रा पर निकले सरकार के एक मंत्री कपड़े उतार कर शरीर खुजाते दिख रहे हैं। उन्हें किसी ने करेच लगा दी थी। इससे उनके पूरे शरीर में खुजली होने लगी। इसे शांत करने के लिए मंत्री जी को रात में ही स्नान करना पड़ा। कुछ स्थानों में भाजपा विधायकों के प्रति नाराजगी इस कदर देखने को मिली कि उन्हें उल्टे पैर भागना पड़ा। एक मामला ग्वालियर अंचल का है। यहां यात्रा पर पहुंचे विधायक से जनता मंच से ही हिसाब मांगने लगी और विधायक को वापस लौटना पड़ गया। रायसेन सहित कुछ अन्य जिलों से भी विधायकों के प्रति नाराजगी के कारण विकास यात्रा का विरोध हुआ।

**फिर अपने पैर में कुल्हाड़ी मारने वाली हरकत**

कांग्रेस अपने पैर में कुल्हाड़ी मारने की आदी रही है। कमलनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कई बार ऐसा हुआ है। पार्टी में एक बार फिर यह कहावत चरितार्थ हो रही है। कमलनाथ, अजय सिंह और अरुण यादव आमने-सामने हैं। इसके लिए दोष कमलनाथ के सिर ही आएगा क्योंकि कांग्रेस उनके नेतृत्व में विधानसभा के अगले चुनाव की तैयारी कर रही है। मुखिया के नाते कमलनाथ को असंतोष पर काबू पाने का प्रयास करना चाहिए, लेकिन वे ही इसे हवा देते दिख रहे हैं।

शुरूआत कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रस्तुत कर अभियान चलाने से हुई। सबसे पहले पार्टी के प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल और इसके बाद अरुण यादव एवं अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस में इस तरह मुख्यमंत्री घोषित किए जाने की परंपरा नहीं है। बस क्या था, खेमे बाजी शुरू हो गई। तीर कमान से निकल आए। कमलनाथ पक्ष की ओर से अरुण यादव को उनकी हैसियत बताई जाने लगी तो जवाब में अरुण यादव की उपलब्धियां आ गईं। नेताओं के बीच बयानबाजी शुरू हो गई। इसके साथ कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री बताने का भी सिलसिला जारी रहा। मौजूदा सिर फुटौव्वल देखकर नहीं लगता कि कांग्रेस विधानसभा का चुनाव एकजुट होकर लड़ पाएगी। कमलनाथ सबको साथ लेकर चलने का प्रयास करते नजर भी नहीं आते।

**'नाथ' के चुनाव लड़ने को लेकर बवाल बेतुका**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में खुद के चुनाव लड़ने को लेकर एक बात क्या कह दी, राजनीति में बवाल मच गया। किसी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ना, न लड़ना इतना बड़ा मुद्दा नहीं है, जितना कमलनाथ को लेकर बना दिया गया। हाल के इतिहास को देखें तो 2003 में उमा भारती का चेहरा आगे कर भाजपा ने चुनाव लड़ा था लेकिन विधानसभा का चुनाव उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद लड़ा।

खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बनने के बाद चुनाव लड़े और कमलनाथ भी मुख्यमंत्री बनने के बाद ही विधानसभा का चुनाव लड़े थे। इसलिए यदि कमलनाथ ने कह भी दिया कि वे विधानसभा का अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे तो इतनी हाय-तौबा क्यों? कांग्रेस के साथ भाजपा की ओर से भी इसे लेकर टिप्पणियां आईं। कमलनाथ और कांग्रेस का इस मसले पर ताबड़तोड़ सफाई देना भी समझ से परे है। इसे लेकर मचा बवाल ही बेतुका है। कमलनाथ ने पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में चुनाव लड़ने को लेकर चाहे जो कहा हो, इसे लेकर न भाजपा को टिप्पणी करना चाहिए और न ही कांग्रेस को सफाई देने सामने आना चाहिए, क्योंकि किसी पार्टी के मुखिया का चुनाव न लड़ना कोई नई बात नहीं। इसकी बजाय कमलनाथ को कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई पर काबू पाने में ऊर्जा खर्च करना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## वार्षिकोत्सव कायक्रम का हुआ समापन

**शहडोल(जयसिंहनगर)**-जिले के जयसिंहनगर सीएम राइज विद्यालय में प्राचार्य के दिशा निर्देशानुसार वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 5ः00 बजे से 8ः30 बजे तक किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर प्राचार्य डीपी कोकिला द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक नीलेश द्विवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम में सीएम राइज विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें अपनी संस्कृतियों से संबंधित नृत्य का आयोजन किया गया विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों में नाटक इत्यादि का आयोजन भी किया गया विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए अभिभावक, समस्त स्टाफ एवं आम जनमानस भारी मात्रा में उपस्थित रहे इसी के साथ प्राचार्य द्वारा बताया गया कि ऐसे मनमोहक कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किए ही जाते हैं विद्यालय के स्टाफ मैं उषा सिंह भाटिया, पुष्पेंद्र सिंह, भारती शुक्ला, राघवेंद्र तिवारी, प्रमोद भाटिया, श्रवण ताम्रकार, कुबेर सिंह, अखिलेश द्विवेदी, सुरेश तिवारी, राकेश पांडे,वर्षा पयासी सभी शिक्षक एवं कर्मचारी के साथ पत्रकारों में राकेश गुप्ता, पंकज पांडे, सीतेंद्र पयासी उपस्थित रहे प्राचार्य द्वारा बताया गया अगले कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती पूजन का आयोजन किया जाना है जिसमें उन छात्र-छात्राओं को भी अवसर प्राप्त होगा जो समय के अभाव के कारण इस कार्यक्रम में सहभागिता नहीं दे सके व स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग पूरे कार्यक्रम में लगातार बना रहा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 710 प्रकरण समझौते से निपटाएं गये



छतरपुर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को संपन्न राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले में स्थापित 30 खण्डपीठों में 710 प्रकरण समझौते से निपटाएं गये। जिसमें 6 करोड़ 28 लाख 51 हजार 926 का अवार्ड पारित किया गया और 1918 लोग लाभान्वित हुये। इसके अलावा प्रि-लिटीगेशन में 919 प्रकरण भी आपसे समझौते से सुलझाये गये। जिसमें बैंकों से संबंधित 150, विद्युत विभाग के 207 तथा विभिन्न प्रकार के 562 प्रकरण निराकृत किये गये। लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं पक्षकार भी उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार खुराना एवं निदेशक अजय सिंघल रतलाम में

रतलाम 7 बैंक ऑफ बड़ौदा रीजनल ऑफिस का शुभारंभ 13 फरवरी सोमवार को कार्यपालक निदेशक अजय कुमार खुराना एवं निदेशक़ अजय सिंघल के मुख्य आतिथ्य में होगा 7 उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक सुबोध इनामदार ने बताया कि इस दौरान वे बिजनेस समीक्षा के लिए ग्राहकों, वरिष्ठ नागरिकों, एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे 7 इस अवसर पर अपने क्षेत्र की वित्तीय जरूरतों को समझते हुए अपने स्टाफ को भी निर्देशित करेंगे 7 ताकि रतलाम क्षेत्र का तीव्र विकास मे सहयोग किया जा सके।

## विकास कार्य योजना पर हुई चर्चा

छतरपुर,। रविवार को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी छतरपुर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छतरपुर की जिला स्तरीय संपन्न बैठक में विकास कार्य योजना पर हुई चर्चा हुई। डॉ. धीरेंद्र पांडेय मध्यप्रदेश जन अभियान के कार्यपालक निदेशक एवं सागर संभाग के तथा जिला एवं ब्लॉक समन्वयक, परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी छात्र एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां और अंकुर संस्था के प्रतिनिधियों के साथ जिले की विकास कार्य योजना पर चर्चा की गई।

**नंदगांव में कला विकास यात्रा का आयोजनः** ग्राम पंचायत नंदगांव कला में रविवार को जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों ने द्वारा विकास यात्रा में लोगों की उपस्थिति हेतु ग्रामवासियों को घर-घर जाकर पीले चावल देते हुये उपस्थित होने और हितलाभ लेने का परामर्श दिया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में नसरुल्लागंज ने मारी बाजी

सीहोर।जिला स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में आयोजित किया गया। जिसमें समस्त विकासखंड से चयनित माध्यमिक स्तर एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर से 3-3 प्रोजेक्ट के साथ छात्र सम्मिलित हुए । प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परियोजना समन्वयक आर.आर. उइके,बी.आर.सी.सी.अशोक वर्मा, प्रभारी प्राचार्य श्री संतोष सोनी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में चित्र माध्यमिक स्तर से प्रथम स्थान अभिषेक प्रजापति शासकीय हाई स्कूल टीकमगढ़ ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान नसरुल्लागंज के शुभम शासकीय हायर सेकेंडरी लाडकुई प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान कुमारी रानू सीएम राइस विद्यालय आष्टा ने प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान नसरुल्लागंज हर्ष मालवीय शासकीय माध्यमिक शाला झाली ने प्राप्त किया। कार्यक्रम मैं श्री अभिषेक भार्गव एपीसी अकादमिक द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान गणित और पर्यावरण प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । निर्णायक मंडल द्वारा जिले स्तर से चयनित छात्रों को जिला परियोजना समन्वयक श्री आरआर उइके द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया.।

## 16 फरवरी को छिंदवाड़ा आएंगी मणिपुर की राज्यपाल



छिंदवाड़ा मणिपुर की नवनियुक्त राज्यपाल सुश्रीअनसुईया उईके 16 फरवरी को छिंदवाड़ा आएंगी वे 19 फरवरी तक छिंदवाड़ा में रहेंगे और महाशिवरात्रि के पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेंगे सुश्री सुश्री उईके छिंदवाड़ा की है उन्हें छत्तीसगढ़ से स्थानांतरित कर मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है छिंदवाड़ा से जाने के बाद मणिपुर में पदभार ग्रहण करेंगे

## नपाध्यक्ष ने कहा शहर में कूड़ा फेंकने वाले का बनाओ वीडियो, तत्काल होगी कार्रवाई

सीहोर। शहर की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए पहल की है। इस पहल में लोगों को भी साथ देने के लिए कहा गया है ताकि शहर को स्वच्छ रखा जा सके। इस अभियान के तहत पिछले दिनों से कार्रवाई भी हो रही है। आपको अब अपने स्मार्ट फोन से शहर में गंदगी फैलाने वालों का वीडियो बनाना होगा। वीडियो बनाकर इसे नपा के प्रभारी को भेजना होगा। इसके बाद नगर पालिका की ओर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वीडियो भेजने वाले का नाम पालिका की ओर से गुप्त रखा जाएगा, इसके अलावा उसको इनाम देने की घोषणा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा की गई है।इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ योगेन्द्र पटेल ने बताया कि शहरवासियों से लगातार आ रही शिकायतों के बाद यह फैसला लिया गया है। इसके बाद पालिका ने यह कदम उठाया है। वहीं वार्डो में कू?ा हटने के बाद कोई गंदगी फेंकता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री पद के दावेदार कमलनाथ विधानसभा चुनाव कब लड़ेंगे

## कांग्रेस के विधायकों को क्या रिपीट करेंगे?

**गोविन्द चौरसिया**

छिंदवाड़ा। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गये है, प्रदेश में जितने वे सक्रिय है उतना कोई नेता नहीं है, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह को छोड़कर उनके बराबर कोई कद्दावर नेता भी नहीं है। 2018 में उन्होने प्रदेश में कांग्रेस सरकार बना ली थी, किन्तु अपने ही साथियों को बराबर इज्जत न देने के कारण उनकी सरकार चली गई। सरकार जाने के बाद कमलनाथ विपक्ष के रूप में प्रदेश में सक्रिय है, आने वाला विधानसथा चुनाव उनकेही नेतृत्व में लड़ा जावेगा और वे ही मुख्यमंत्री पद के दावेदार होंगे।

छिंदवाड़ा जिले के वि सर्वमान्य नेता है उनका पिछले 43 वर्षो से छिंदवाड़ा से संबंध रहा है, वे पहले सांसद थे अब उनके पुत्र नकुलनाथ सांसद है। छिंदवाड़ा जिले के विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के विधायक है, जिसमें छिंदवाड़ा, चौरई, सौंसर, सामान्य, पांढुर्ना, अमरवाड़ा एवं जुन्नारदेव अनुसूचित जनजाति (आदिवासी)एवं परासिया अनुसूचित जाति की सीट है।

पूर्व विधायक दीपक सक्सेना जिन्होने कमलनाथ के लिए छिंदवाड़ा की सीट छोड़ी थी, वे अपनी उम्र एवं स्वास्थ्य के कारण चुनाव लड़ना नहीं चाहेगे, यदि वे चुनाव लड़ते है और सरकार बनती है तो उन्हें फिर कमलनाथ के लिए सीट छोड़नी पड़ेगी और वे अब सीट छोड़ना नहीं चाहते, पिछली बार जब उन्होने सीट छोड़ी और कमलनाथ चुनाव जीत गये मुख्यमंत्री बन गये किन्तु डेढ़ साल तक उन्हें कोई महत्व नहीं दिया गया, उन्हे किसी कारपोरेशन में अध्यक्ष बनाकर मंत्री का दर्जा दे सकते थे, अन्दरूनी तौर पर नाराज रहे और उनकी नाराजी तब और बढ गई जब उन्होने उनके विरोधी और उनके चेले विश्वनाथ ओक्टे को जिलाध्यक्ष बना दिया।

अतः ऐसा कहा जा रहा है कि दीपक सक्सेना विधानसभा चुनाव के दावेदार नहीं होंगे, यह हो सकता है कि दीपक सक्सेना के स्थान पर उनके पुत्र अजय सक्सेना को विधायक पद का प्रत्याशी बना सकते है, इसके अलावा कांग्रेस के पास और कोई प्रत्याशी नहीं है, विश्वानाथ ओक्टे एंव अमित सक्सेना को दीपक सक्सेना नहीं चाहेगें कि वे विधायक का चुनाव लड़े।

जिले का हर कोई चाहता है कि उनका विधायक प्रदेश का मुख्यमंत्री बने और कमलनाथ को मुख्यमंत्री प्रस्तुत कर जिले की सभी विधानसभा की सीटें कांग्रेस ने जीती।

पिछले विधानसभा एवं लोकसभा का चुनाव देखा जावे तो कांग्रेस को जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को चौरई, सौंसर, पांढुर्ना, एवं परासिया से हार का सामना करना पड़ा, छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा और जुन्नारदेव के बल पर कांग्रेस जीती। कमलनाथ ने चुनाव की तैयारी प्रारम्भ कर दी है किन्तु कांग्रेस के जो विधायक है, उनका परफार्मेन्स बहुत अच्छा नहीं है उन 7 विधायको में अधिकांश की टिकट बदलेगी।



सबसे बड़ा संकट कमलनाथ के सामने है कि वर्तमान में विधायक का चुनाव नहीं लड़ना चाहते सरकार बन जायेगी तो वे कही से भी चुनाव लड़ लेंगे। किन्तु छिंदवाड़ा से कौन चुनाव लड़ेगा, उनके सामने समस्या है।

पिछले विधानसभा चुनाव में जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कमलनाथ को कड़ी टक्कर दी थी और वे अभी भी छिंदवाड़ा विधानसभ पद के दावेदार है और पिछले समय से काफी मेहनत कर रहे हैं, जनता से निरन्तर सम्पर्क बनाये हुये है। विवेक बंटी साहू की सक्रियता को देखते हुये परम्परागत प्रत्याशी चौधरी चन्द्रभान सिंह पीछे हट गये है और वे चौरई विधानसभा से चुनाव लड़ने का जुगाड़ कर रहे है एवं वहा पर सक्रिय हैं। छिंदवाड़ा जिले की अन्य विधानसभा चुनाव में भाजपा के परम्परागत प्रत्याशी है किन्तु कई विधान सभाओं भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है, गुटबाजी के कारण भाजपा का जितना जीतना मुश्किल है और इसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा। सौंसर विधानसभा से नाना मोहोड़ दावेदार है, किन्तु उनका भतीजा संदीप मोहोड़ भी दावेदारी कर रहा है। सौंसर के संघ से जुड़ एवं औद्योगिक क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखने वाले आनन्द ठाकरे भी दावेदारो की लाईन में हैं।

अजय चौरे कांग्रेस से भाजपा में आये है, वे सिंधिया खेमे के है, यदि ज्योतिरादीत्य सिंधिया की चली तो उन्हे टिकट मिल सकती है। कांग्रेस के वर्तमान विधायक विजय चौरे की स्थिति अच्छी नहीं है, उन्हे टिकट मिलना मुश्किल है अजय चौरे को टिकट मिली तो विजय चौरे नहीं लड़ेगें। सौंसर विधानसभा क्षेत्र से हमेशा तिरोले कुनबी ही जीतते आये हैं।

चौरई में रमेश दुबे के अलावा शैलेन्द्र रघुवंशी, संदीप रघुवंशी एवं कांग्रेस के सुजीत चौधरी विधायक हैं, इनके अलावा गम्भीरसिंह चौधरी सक्रिय है, वे वहां से विधायक रह चुके हैं। अमरवाड़ा में भाजपा के पास उत्तम ठाकुर के अलावा कोई प्रत्याशी नहीं है, किन्तु वे सक्रिय नहीं है कहा जाता है कि खर्च नहीं करते, यहां पर कांग्रेस से भाजपा में आई कामनी शाह भी दावेदार हो सकती है, कांग्रेस में कमलेश शाह विधायक है, किन्तु कमलनाथ नाराज है, इसीलिए वहा पर युवा नेता विनय भारती को बहुत महत्व दिया जा रहा है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की मोनिका बट्टी भी त्रिकोणीय संघर्ष करने को मजबूर करेगी। परासिया में सोहन वाल्मिकी कांग्रेस के विधायक है लोकसभा में कांग्रेस हारी थी इसीलिए उनकी टिकट खतरे में पड़ सकती है।

परासिया में ताराचन्द बावरिया सक्रिय है, किन्तु वहां गुटबाजी बहुत है, गुटबाजी के चक्कर में कोई नया नाम आ सकता है।

जुन्नारदेव में कांग्रेस के सुनील उईके विधायक है, लोकसभा में उन्होने अच्छी लीड दिलवाईथी किन्तु अधिकारियों से दुर्व्यवहार करने में वे बदनाम है और आय से अधिक सम्पत्ति बनाने का उन पर आरोप है।

भाजपा से नत्थनशाह एंव आशीष ठाकुर दावेदार है, आशीष ठाकर बाहर के है नत्थनशाह लोकसभा लड़ चुके है एवं विधायक रह चुके है सक्रिय है किन्तु गुटबाजी बहुत है, इसीलिए नये नाम के बारे में भाजपा को सोचना पड़ेगा ऐसा नेताओं का कहना है।

पांढुर्ना विधानसभा में नीलेश उईके है, वहां नगरपालिका भाजपा हार गई, वहां के स्थाई नेता मारोती राव खवसे वृद्ध हो गये है, भाजपा में भी गुटबाजी बहुत है वहां कौन नेता मैदान में रहेगा यह भाजपा संगठन ही तय करेगा। कमलनाथ मुख्यमंत्री पद के दावेदार है इसीलिए उन्हें पूरा प्रदेश देखना है, किन्तु प्रधानमंत्री मोदी की छबि युवाओं को बहुत प्रभावित कर रही है और इन दिनों सनातन संस्कृति की बाते सन्तो द्वारा की जा रही है। जिले की जनता चाहेगी कि उनके जिले का नेता मुख्यमंत्री बने इसीलिए कांग्रेस को फायदा मिलेगा। विधानसभा के बाद ही लोकसभा का चुनाव होगा, भविष्य के गर्त में क्या है यह तो भविष्य ही बतायेगा।

# बक्स्वाहा नगर में 1 करोड़ 11.32 लाख लागत के कार्यों का

### विकास यात्रा रथ को विधायक और कलेक्टर किया रवाना, स्कूली छात्रों से किया संवाद, जिज्ञासाओं का समाधान किया

छतरपुर,। नगरीय क्षेत्र बक्स्वाहा में विकास यात्रा में शनिवार को 1 करोड़ 11.32 लाख लागत से वार्डो में बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी द्वारा भूमिपूजन किया गया। विकास यात्रा रथ को विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी और कलेक्टर संदीप जी.आर. ने रवाना किया। विकास यात्रा के दौरान यहां आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए मोटीवेट किया।

उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिये पहले लक्ष्य तय करें और उसे हासिल करने के लिये मेहनत करें। खूब पढ़ाई करके लक्ष्य को हासिल करना आसान है। परीक्षा में सफल होने के लिये सिलेबस को सामने रखकर पढ़ाई करें, हर रोज पढ़ने की आदत विकसित करें। शासकीय शालाओं के छात्रों में निजी शालाओं की अपेक्षा संघर्ष करते हुये हासिल करने की ताकत अधिक रहती है। बच्चों के प्रश्नों के जवाब में उन्होंने कहा कि शासकीय शालाओं को डिजीटल सुविधा से स्मार्ट क्लास बनाया जा रहा है, बक्स्वाहा में भी यह सुविधा शुरू कराएंगे। एयरपोर्ट पायलट बनने के प्रश्न पर उन्होंने खजुराहो में शुरू हुये प्रशिक्षण केन्द्र में आवेदन देने की सलाह दी।



नगर परिषद बक्स्वाहा के वार्ड न. 12 में समाज भवन निर्माण कार्य हेतु 84.25 लाख, वार्ड न. 01 में सागर रोड पर 20.24 लाख लागत से सीसी रोड एवं डिवाइडर का भूमिपूजन और वार्ड न. 14 में 6.83 लाख के मंगल भवन के मिट मार्ट हेतु बॉन्ड्रीबॉल टीन शेड, रोड, पुताई, गेट एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती किरण बृजगोपाल सोनी और उपाध्यक्ष श्रीमती नीमा देवी सिंह लोधी, पार्षदगण उपस्थित रहे। नगरपालिका परिषद महाराजपुर में शनिवार को विकास रथ यात्रा में वार्ड न. 11 में 24.76 लाख के कुएं और वार्ड न. 7 में 52.90 लाख लागत के मुक्तिधाम का लोकार्पण किया तो वही वार्ड न. 3, 6, 12 और 15 में 55.50 लाख लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। विकास यात्रा में विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाड़ली लक्ष्मी के प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## मांग पूरी नहीं हुई तो फिर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

सीहोर। जिले के 950 संविदाकर्मी सहित प्रदेश के करीब 32 हजार संविदा स्वास्थ्यकर्मियों के सब्र का एक बार फिर से इम्तिहान शुरू हो गया है। पिछले दिनों 22 दिन चली हड़ताल के बाद अनेक मांगों का हल करने का आश्वासन मिला था। स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव के आश्वासन के एक माह की अवधि के उपरांत एक भी मांग पूरी नहीं होने पर संविदाकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध शुरू कर दिया है। संविदाकर्मियों ने शीघ्र ही काम बंद करने की चेतावनी दी है।

संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के अध्यक्ष अंबर मालवीय ने बताया कि सरकार की वादाखिलाफी के विरूद्ध काफी आक्रोश प्रदेशभर के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मियों में है। उन्होंने कहा कि 2013 से लेकर 2022 तक सरकार संविदा कर्मियों के साथ निरंतर वादा खिलाफी कर रही है। जिससे उनका कोई भविष्य संविदा नौकरी में सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। मालवीय ने बताया कि पिछले दिनों 22 दिन चली हड़ताल के बाद स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव द्वारा नियमित कर्मचारियों के वेतन के 90 प्रतिशत तनख्वाह का लाभ देने, 15 हजार से उपर वेतन वालों का ईपीएफ कट़ोत्रा किए जाने, 10 लाख मेडिक्लेम दिए,निकाले गए कर्मचारियों की वापसी किए जाने से सहित कई आश्वासन शासन-प्रशासन स्तर से संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल को दिए गए थे। इस दौरान एक माह में सभी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया गया था। परंतु डेढ़ माह की अवधि बीतने के बाद भी अब तक एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। इसके चलते 5 फरवरी से प्रदेश भर के संविदा स्वास्थ्य कर्मी काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे है। संविदा कर्मियों के दर्जन भर लोगों पर आपराधिक मामले दर्ज कर जेल भेजने से भी संविदा कर्मियों में भारी नाराजगी है। इस सबके कारण प्रदेश के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मी तथा सीहोर जिले के 950 संविदा कर्मी फिर से बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसके संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री को चरण बद्ध आंदोलन की सूचना पत्र लिखकर दे दी गई है तथा काली पट्टी बांधकर कार्य स्थल पर काम किया जा रहा है। शीघ्र ही काम बंद करने की चेतावनी मिशन संचालक एवं स्वास्थ्य आयुक्त को दी गई है। शासन-प्रशाासन को मांगों का पूरा करने के लिए फिर से 15 दिवस का समय दिया गया है। आश्वासन के अनुरूप मांग पूरी नहीं हुई तो फिर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है।

## महाराजगंज को मिली हर घर नल योजना की सौगात

छतरपुर। विधानसभा बड़ामलहरा के ग्राम महाराजगंज में विकास यात्रा से रविवार को हर घर नल जल योजना की सौगात मिली है। ग्राम की महिलाओं एवं बालिकाओं ने खुशी व्यक्त जाहिर की और कहा अब उन्हें विपरीत स्थितियों में पानी लाने के लिये असमय बाहर नहीं जाना होगा, इस सुविधा के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि सुनील मिश्रा, सरपंच जयहिंद यादव एवं ग्रामीणजन की उपस्थिति में पंचायत में रहने वाले सभी 969 घरों में पाइप लाइन के जरिये शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है। जिसका शुभारंभ विधायक एवं जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया। बड़ामलहरा ब्लॉक के 120 ग्रामों में से 82 ग्रामों में हर घर नल जल योजना का पानी पहुंचा है। शेष 38 ग्रामों में कार्य पूर्णता की ओर है। जल जीवन मिशन में बाँनसुजारा ग्रामीण समूह जल योजनांतर्गत ग्राम पंचायत में 500 किलोलीटर की उच्च स्तरीय क्षमता वाली 16 मीटर ऊंचाई वाली टंकी जल संग्रहण के लिये बनाई तो वही गांव में 23 किमी लंबाई की पाइप लाइन बिछाई गई है।

## आरोपी पर कार्रवाई करने की बजाय फरियादी पर राजीनामे का दबाव

**शाजापुर/(योगेन्द्र आचार्य)।** देश भक्ति जनसेवा आम पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए होती है लेकिन इसका उल्टा थाना प्रभारी करें तो आश्चर्य होता है क्या न्याय के लिए फरियादी थाने पहुंचता है और उसे ही डरा धमकाकर राजीनामा करने के लिए विवश किया जाता है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया जिसमें फरियादी को पुलिस थाना सुनेरा के प्रभारी व कुछ पुलिस कर्मि जमीन विवाद के मामले में डरा धमकाकर राजीनामा करने के लिए विवश कर रहे हैं

प्राप्त जानकारी अनुसार मुस्तकीम खां निवासी पनवाड़ी की ऋषि भूमि का विवाद पड़ोसी कृषक मोहसिन खान से चला आ रहा है वहीं कब्जा छोड़ने के लिए मोहसिन खान व उसके परिवार वालों द्वारा जान से मारने की धमकी सहित पुलिस द्वारा अन्य मामलों में फंसाने की धमकियां दी जा रही ह अधिकारी ने फरियादी के पक्ष में सुनाया फैसला,,,

फरियादी मुस्तकीम खां ने तहसील अधिकारी के समक्ष पूरा मामला प्रस्तुत किया व न्याय के लिए गुहार लगाई इस पर तहसीलदार महोदय के द्वारा जांच की गई व हल्का पटवारी द्वारा विधिवत कब्जा दिलाया गया वहीं उक्त भूमि मेरे आधिपत्य में की गई,,,

आरोपी गणों ने तहसील के फैसले केबाद आलू की फसल नष्ट की,,,

फरियादी मुस्तकीम खां को आरोपियों के द्वारा खेत में बोई गई आलू की फसल अपने कब्जे में लेने के लिए डरा धमकाकर भगा दिया सम्पूर्ण घटना की जानकारी डायल 100 पर की गई व सुनेरा पुलिस को डायल 100 पुलिस कर्मियों ने बताया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई,,,,

फरियादी मुस्तकीम खां ने बताया कि मेंने पुलिस थाना सुनेरा में कई बार मौखिक रूप से व लिखित आवेदन पत्र देकर शिकायत की लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई आरपीगणो के ऊपर की गई वहीं मुझ पर व मेरे परिवार वालों को झुठे प्रकरणों में फंसाने व जेल में डालने की धमकियां सुनेरा पुलिस द्वारा दी जा रही है व हर आए दिन पुलिस मेरे घर के आस पास चक्कर लगाती है,,,,

पुलिस अधीक्षक की शरण में फरियादी,,,



आखिरकार फरियादी मुस्तकीम खां पुलिस अधीक्षक जगदीश डाबर की शरण में पहुंचा व अपनी आप बीती घटना की आवेदन देकर अवगत कराया तथा अनुविभागीय अधिकारी व तहसील अधिकारी के द्वारा उनके पक्ष में सुनाएं गए फैसले की प्रतिलिपि दी अब उम्मीद है पुलिस अधीक्षक श्री डाबर से मुस्तकीम खां को न्याय की,,,,

# अमृतकाल का यह बजट सर्वत्र लोक कल्याणकारी है : विधायक

**रतलाम।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट अमृत काल का लोक कल्याणकारी बजट है। यह बजट आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का है। इसमें किसान, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूपरेखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट बना है।

यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने केंद्रीय बजट पर आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया एवं जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी उपस्थित रहे। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि कोरोना के दो साल दुनिया की आर्थिक अर्थव्यवस्था गड़बड़ाने के दौरान भारत भी प्रभावित हुआ था, लेकिन यह समय बीतने के बाद बहुत तेजी से भारत संभला, जिसका नतीजा यह लोक कल्याणकारी बजट है। यह दुनिया में सबसे तेज गति से देश को विकास की राह दिखाने वाला और भारत को सुपर इकोनॉमी पावर बनाने वाला बजट है। बजट में कई मुद्दों पर बड़ी राशि दी गई है, जैसे कि पीएम आवास योजना का बजट बढ़ कर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है, जो कि 66 प्रतिशत अधिक है। नव उद्यमी को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई को 9 हजार करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी। इससे घरेलू अर्थव्यस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

बजट में पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म किया गया है। मध्यम वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को 7 लाख रुपये सालाना की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। टैक्स स्लैब को भी घटा कर 5 तक सीमित कर दिया गया है। इससे सीधे एक करोड़ परिवार प्रभावित होंगे। मोटे अनाज के उत्पादन में देश की स्थिति काफी बेहतर है। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। सरकार ने इसे मिशन के रूप में लिया है। भारत को ग्लोबल हब बनाने की दिशा में हैदराबाद में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिर्सच स्थापित करना बड़ा कदम है।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि पिछड़े आदिवासी समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए विकास मिशन शुरू होगा। इसके लिए लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया गया है। बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित होगा। इससे देश के विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति, भाषा, साहित्य और वहां के महापुरूषों को जानने में आसानी होगी। अगले 3 साल में 740 एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति होगी।

सरकार द्वारा पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एक कृषि त्वरक कोष की स्थापना की गई है। अगले 3 साल तक 1 करोड़ किसानों को नेचुरल फॉमिंग में मदद की जाएगी। इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर्स बनाए जाएंगे। 6000 करोड़ की राशि से पीएम मत्स्य संपदा योजना की नई उप-योजना मछुआरे, मछली विक्रेताओं और इस क्षेत्र के माइक्रो और स्मॉल उद्यमियों को और सशक्त बनाएगी। पीएम कौशल विकास योजना 4.0 से देशभर में 40 स्किल इंडिया सेंटर्स स्थापित होंगे, जो युवाओं के कौशल में और निखार लाएगा।

श्री काश्यप ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा महिला सम्मान विकास पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया है। इसमें महिलाओं को अब 2 लाख रुपए की बचत पर सालाना 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बचत खाते की लिमिट 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 9 लाख रुपए कर दी है। बचत योजना की लिमिट को भी 15 लाख से बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर दिया गया है। वर्ष 2023-24 का आम बजट ग्रीन ग्रोथ के लक्ष्य का आधार है। नेशनल हाइड्रोजन मिशन के लिए 19,700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए है। सरकार का 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य है। एनर्जी ट्रांजिशन के लिए 35,000 करोड़ रुपये का फंड दिया गया है। 5जी सर्विस पर चलने वाले ऐप डेवलप करने के लिए इंजीनियरिंग संस्थानों में 100 लैब बनाई जाएंगी। इन लैब्स में स्मार्ट क्लासरूम, प्रिसाइजन फार्मिंग, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और हेल्थकेयर जैसे फील्ड्स के लिए ऐप्स तैयार होंगे।

### रेलवे का 9 गुना अधिक बजट

श्री काश्यप ने बताया कि रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है जो कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय के 2013-14 के बजट से 9 गुना अधिक है। सिंगल लाइन को डबल करने के साथ ही टेज्ञ्नों की गति को बढ़ाने का कार्य चल रहा है। इससे यात्रियों को बहुत सुविधा मिलेगी। 2014 से मौजूद 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। 2047 तक एनीमिया के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

# इंडोविंड एनर्जी लिमिटेड का राइट्स इश्यू 24 फरवरी को बंद होगा

**मुंबई, एजेंसी।** बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध, इंडोविंड एनर्जी लिमिटेड (बीएसईः 532894 एनएसईः इंडोविंड) उपयोगिताओं को बिक्री के लिए विंड फार्म्स के विकास, विंड ऐसेट्स के प्रबंधन और ग्रीन पावर 0 का उत्पादन करने में लगे हुए हैं, और निगम कंपनी के 3,58,96,594 इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू के साथ 12 रुपये प्रति इक्विटी शेयर 430.8 मिलियन रुपये की एग्रीगेटिंग के साथ सामने आए हैं, जो 27 जनवरी 2023 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था, शेयरधारकों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। यह इश्यू 10 फरवरी 2023 को बंद होने वाला था। कंपनी के पास देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले शेयरधारकों की एक बड़ी संख्या है। जबकि अधिकांश शेयरधारक डीमैट रूप में शेयर रख रहे हैं, वहीं कुछ शेयरधारक हैं जो डीमैट रूप में शेयर नहीं रखते हैं। इन शेयरधारकों को अपने अधिकारों की पात्रता का प्रयोग करने के लिए समापन तिथि जारी करने से पहले डीमैट खाता खोलना होगा। डिजिटल तंत्र के माध्यम से आवेदन करने के लिए उनके सामने आने वाली समस्याओं को देखते हुए राइट्स इश्यू की अवधि बढ़ाने के लिए इसके कई शेयरधारकों से अनुरोध किया गया है। कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा गठित राइट्स इश्यू कमेटी ने कंपनी के शेयरधारकों के सामने आने वाली समस्याओं पर ध्यान दिया, शेयरधारकों के अनुरोध को स्वीकार किया और इश्यू की क्लोजिंग डेट को 24 फरवरी 2023 तक बढ़ाने का फैसला किया। इश्यू का मुख्य उद्देश्य मुद्दा सुरक्षित ऋणों को 330 मिलियन रुपये तक कम करना है और इसका उद्देश्य कंपनी को ऋण मुक्त कंपनी बनाना है। इंडोविंड एनर्जी लिमिटेड, जुलाई 1995 में अपनी स्थापना के बाद से पवन चक्कियों के माध्यम से बिजली उत्पादन के व्यवसाय में है और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अग्रदूतों में से एक है। कंपनी को श्री बाला वेंकट कुट्टी, इंडस फाइनेंस लिमिटेड और लॉयल क्रेडिट एंड इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड द्वारा बढ़ावा दिया गया है और विविध क्षेत्रों में अनुभव रखने वाले पेशेवरों द्वारा मैनेज किया गया है। कंपनी की पवन चक्कियां उच्च पवन संभावित क्षेत्रों जैसे तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में स्थित हैं। आज की तारीख में कंपनी के पास 49.645 मेगावाट की क्षमता वाली पवन चक्कियां हैं जिनमें 123 पवन चक्कियां शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष के दौरान कंपनी ने 31 दिसंबर 2022 को समाप्त 9 महीनों के लिए परिचालन से राजस्व के साथ उत्कृष्ट परिणाम पोस्ट किए, जो 31 दिसंबर 2021 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान 193.11 मिलियन रुपये की तुलना में 52.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 294.42 मिलियन रुपये हो गया। इसी अवधि के लिए कर पूर्व लाभ 56.74 मिलियन रुपये और 11.80 मिलियन रुपये रहा, जिसमें 44.94 मिलियन रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

# ओके प्ले इंडिया लिमिटेड की आय वित्त वर्ष 23 के 9 महीने में दुगनी हुई, शुद्ध लाभ में टर्नअराउंड

**मुंबई, एजेंसी।** प्लास्टिक मोल्डेड खिलौनों, स्कूल फर्नीचर, आउटडोर प्ले उपकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर और आटोमोटिव कॉम्पोनेंट्सके निर्माण और तीन व्हील्ड प्लेटफार्म पर ई -वाहनों तथा पॉइंट ऑफ परचेज प्रोडक्ट के कारोबार में प्रवृत्त, ओके प्ले इंडिया लिमिटेड (बीएसई कोड-526415) ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, ओके प्ले इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजन हांडा ने कहा, कोविड-19 महामारी के बाद कारोबार ने वापसी की है और हम हमारे कारोबार के सभी वर्टिकल में जोरदार वृद्धि के गवाह बन रहे हैं। खिलौना क्षेत्र में हमारी सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण न सिर्फ घरेलू बाजार बल्कि निर्यात के लिए भी क्वालिटी प्रोडक्ट की मांग बढ़ने में मदद मिली है। सीवी मार्केट भी ग्रोथ के पथ पर है और यह हमारे परिणामों में परिलक्षित होता है।

# स्काई गोल्ड लिमिटेड का वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 11.67 करोड़ हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई स्थित एक प्रमुख ज्वेलरी कंपनी, स्काई गोल्ड लिमिटेड (बीएसईकोड - 541967), ने वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। इस अवसर पर बोलते हुए,स्काई गोल्ड लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, श्री मंगेश चौहान ने कहा, हमारे ज्वेलरी प्रोडक्ट की जोरदार मांग ने हमें वित्त वर्ष 22 की आय को 796 करोड़ को पार करने में मदद की है। कंपनी ने वर्तमान वित्त वर्ष के प्रथम 9 महीने में 885 करोड़ की आय की रिपोर्ट दी है और हम मांग में वृद्धि के बारे में आशावादी हैं और हम शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 23 के समाप्त होने की उम्मीद कर रहे हैं।

# ऑयल इंडिया ने दिसंबर तिमाही में कमाया 1,746 करोड़ रुपए का सर्वाधिक लाभ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 1,746.10 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया जो उसका अब तक का सर्वाधिक तिमाही लाभ है। कंपनी ने एक बयान में अक्टूबर-दिसंबर 2022 तिमाही के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 1,746.10 करोड़ रुपए रहा जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 1,244.90 करोड़ रुपए था। कंपनी के लाभ में वृद्धि कच्चे तेल एवं गैस के उत्पादन एवं बिक्री से होने वाली आय बढ़ने से हुई है। तेल एवं गैस के दाम बढ़ने से कंपनी को फायदा हुआ है।

ओआईएल ने दिसंबर तिमाही में 8.1 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया जबकि इसका गैस उत्पादन 80 करोड़ घन मीटर रहा। कंपनी ने कहा, तेल एवं गैस उत्पादन की बेहतर कीमत मिलने और इनका उत्पादन बढ़ने से कंपनी को अब तक का सर्वाधिक तिमाही लाभ हुआ है। इस बीच कंपनी के निदेशक मंडल ने 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 10 रुपए का दूसरा अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की है। इसके पहले कंपनी प्रति शेयर 4.50 रुपए का लाभांश दे चुकी है। इस तरह चालू वित्त वर्ष में कुल लाभांश 14.50 रुपए प्रति शेयर हो गया है।

# रूसी तेल से हर महीने 8,252 करोड़ रुपये की कमाई

## रूस से भारत का तेल आयात लगातार बढ़ रहा है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और दुनिया में सबसे ज्यादा क्रूड इम्पोर्ट करने के मामले में तीसरे नंबर पर है। हाल में भारत के लिए रूस तेल का सबसे बड़ा सप्लायर बनकर उभरा है। हाल के महीनों में वहां से रोजाना 10 लाख बैरल से ज्यादा कच्चे तेल का आयात हो रहा था। इससे ट्रेडिंग कंपनियों की चांदी हो रही है। एस एंड पी ग्लोबल की यूनिट प्लेट्स के मुताबिक रूस से भारत तक कच्चा तेल लाने में इन कंपनियों को प्रति बैरल 20 डॉलर से अधिक का मार्जिन मिल रहा है। फिलहाल रोजाना रूस से 15 लाख बैरल कच्चा तेल भारत पहुंच रहा है। यानी ट्रेडिंग कंपनियों को हर महीने करीब एक अरब डॉलर यानी 8,252 करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। इनमें ज्यादातर कंपनियां दुबई की हैं।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेडिंग कंपनियां बाल्टिक रीजन से रूस का यूराल क्रूड उठा रही हैं और उसे भारत के पश्चिमी तट पर पहुंचा रही हैं। इससे उन्हें प्रति बैरल 20 डॉलर से अधिक मार्जिन मिल रहा है। रूस से रोजाना 15 लाख बैरल कच्चा तेल भारत पहुंच रहा है। यानी ट्रेडिंग कंपनियों को हर महीने करीब एक अरब डॉलर की कमाई हो रही है। यूरोपीय यूनियन ने दिसंबर में रूसी तेल के आयात पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद से चीन और भारत वहां से तेल खरीद रहे हैं। इसका फायदा खासकर दुबई की कंपनियों को हो रहा है। रूस के यूएई के साथ अच्छे संबंध हैं और वहां हाल में कई ट्रेडिंग कंपनियां उभरी हैं।

### रूस बना सबसे बड़ा सप्लायर

31 मार्च 2022 को समाप्त फाइनेंशियल ईयर भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी महज 0.2 प्रतिशत थी। लेकिन पिछले महीने में इसमें गजब का उछाल देखने को मिला है। आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2022 में भारत ने रूस से रोजाना 10 लाख बैरल से ज्यादा कच्चे तेल का आयात किया है। इससे पहले नवंबर में रूस से रोजाना 9,09,403 बैरल और अक्टूबर में 9,35,566 बैरल कच्चे तेल का आयात किया गया था। दिसंबर में भारत ने इराक से 8,03,228 बैरल और सऊदी अरब से 7,18,357 बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया था।

# ग्रीन इको-फ्रेंडली मूवमेंट प्रोजेक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न




**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ म.प्र. चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीभोपाल के कॉफ्रेंस हॉल में फेडरेशन ने एसोचैम के सहयोग से ग्रीन इको-फ्रेंडली मूवमेंट प्रोजेक्ट के तहत् जीईएम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. आर.एस. गोस्वामी ने विषय की शुरुआत करते हुए उल्लेख किया कि हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाना समय की आवश्यकता है। इस वर्ष के बजट के दौरान भी वित्त मंत्री ने हरित विकास और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन पर जोर दिया और 10222 करोड़ रुपये का उच्च बजट इस हेतु आवंटित किया। जीईएम (त्श्वरू) कंसल्टेंट श्री पी. दास गुप्ता ने ग्रीन प्रोडक्ट और कार्बन फुटप्रिंट रेटिंग जैसी नई पहलों के साथ जीईएम (त्श्वरू) ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया। एसोचैम जीईएम (त्श्वरू) ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल] ग्रीन बिल्डिंग के उपयोग को बढ़ावा देती है और बिजली और पानी के संरक्षण, सीवरेज के उपचार] हरित उत्पादों के उपयोग आदि से संबंधित कुछ मापदंडों के आधार पर इन्फ्रा परियोजनाओं को प्रमाणन प्रदान करती है। फेडरेशन के सचिव श्री प्रवीण आचार्य ने टिकाऊ और हरित प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता पैदा करने में फेडरेशन की भूमिका पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। श्री सुदीप्तो विश्वास सहायक निदेशक, एसोचैम द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सत्र समाप्त हुआ। इस अवसर पर श्री अशोक पटेल] श्री मनोज मोदी] श्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा] श्री अमित अग्रवाल] श्री राजीव जैन] श्री ए.पी. विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# महाराष्ट्रीयन कुणबी पाटील समाज का हल्दी कुमकुम ,परिवार मिलन समारोह सम्पन्न



**भोपाल।** शहर में आज महाराष्ट्रीयन कुणबी पाटिल समाज सेवा समिति मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी द्वारा आयोजित कुनबी पाटिल समाज का धन्वंतरी पार्क में परिवार मिलन समरोह एवं हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के आराध्य छत्रपति शिवाजी महाराज के फोटो पर माल्यार्पण कर गणेश वंदना से शुरुआत की गई महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर तिल और गुड़ देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में समाज के लगभग 15 सौ से अधिक सदस्य उपस्थित थे मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा जी थे कार्यक्रम में बालक बालिका एवं महिला और पुरुषों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई साथ ही उभरती प्रतिभाओं ने मंच पर आकर अपने विचार व्यक्त किए प्रतियोगिता के विजेताओं को समाज की कार्यकारिणी द्वारा पुरस्कार वितरित किया गयाकार्यक्रम में कुनबी पाटिल समाज भोपाल के सभी परिवार को आमंत्रित किया गया था इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रकाश आधार पाटिल व कार्यकारणी सदस्यो ने कहा इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विभिन्न। क्षेत्रो में फैले समाज के लोगो को एकता के सूत्र में बांधकर समाज एवम् रास्ट्राहित में कार्य करना है प्रवक्ता प्रकाश सुरेश पाटिल ने कहा समाज में आज के समय मातापिता की सबसे बड़ी समस्या बच्चों के रिश्ते को लेकर रहती इसी समस्या के निवारण हेतु इस बार के कार्यक्रम स्थल पर एक अतिरिक्त काउंटर लगाकर विवाह योग्य वर वधू के बायोडाटा लिए गए शैक्षणिक स्तर ऊचा उठाना एवं समाज के गरीब वर्ग के लोगो के बच्चो की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता करना , बेरोजगारों को रोजगार सम्बन्धी प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रयास करना ऐसे सभी वैधानिक कार्य जो समाज के सर्वागीण विकास प्रगति एवं उद्देश्य की पूर्ति व् लाभदायक एवं सहायक हो समय एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखकर हर उस पहलू का अध्यन करना जिससे समाज के लोगो का मानसिक एवं बौदिक स्तर उठाया जा सके इसी प्रकार समिति द्वारा भविष्य में और भी प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे।

# इंटरनेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन का प्रमाण पत्र इंडियन कॉफ़ी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी को मिला

इंदौर । इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड जबलपुर, मध्य प्रदेश भारत को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ बनाए रखने के लिए जूडेक्स इंटरनेशनल (यूके) के अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र से प्रमाणित किया गया है। बैरिस्टर संतोष शुक्ला (आईयूडेक्स इंटरनेशनल यूके के अध्यक्ष और सीईओ) ने जानकारी दी है किएक शुद्ध और स्वच्छ आकर्षक वातावरण में उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को बदलते हुए स्वादिष्ट भोजन प्रदान करने और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्तम बहु व्यंजनों को अनुकूलित करने और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को पूरा करने के लिए गुणवत्ता के साथ सर्वोचम मूल्य देने के लिए डॉ. भरत शर्मा (ईसी सदस्य एनसीएफ, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ) द्वारा श्री ओ के राजगोपालन (अध्यक्ष) दि इंडियन कॉफ़ी वर्कर्स कोआपरेटिव्ह सोसाइटी लिमि, जबलपुर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।



अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन (ढ्ढह्रष्ट) लंदन, यूके जो वैश्विक मानकों के माध्यम से गुणवत्ता नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और प्रदर्शन ग्रेडिंग के लिए विश्व स्तर पर अधिकृत निकाय है। यह व्यापार जगत के उत्पादों और सेवाओं में गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आईयूडेक्स इंटरनेशनल यूके का प्रमाणन प्रभाग है। यह उत्कृष्ट गुणवत्ता सेवाएं प्रदान करने के लिए शिक्षा, चंगा आतिथ्य, उद्योग, कृषि, नागरिक उड्डयन, पर्यावरण, मानवाधिकार, सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक मीडिया, मनोरंजन, कला और प्रबंधन और आईटी और अन्य में शामिल लोगों को प्रमाणन अवसर भी प्रदान करता है।

अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र, लंदन (यूके) द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर, ओ के राजगोपालन (अध्यक्ष) को विल्हेम जेलर यूरोप प्रमुख ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड ने बधाई दी।

बदलते उपभोक्ताओं को स्वच्छ और आकर्षक वातावरण में स्वादिष्ट भोजन प्रदान करने में गुणवत्ता सेवाओं=और प्रबंधन के प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र से प्रमाणित किया गया है।

# चोकीपुरा विकासखंड केसला में एक धार्मिक स्थल पर अज्ञात ने लगाई आग

- **एसपी और पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे**




**इटारसी।** केसला आदिवासी विकास खंड सुखतवा से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम चौकी पुरा में एक धार्मिक स्थल पर आग लगाने और अंदर की दीवारों पर भगवान श्री राम का नाम लिखने से ग्राम में तनाव का वातावरण निर्मित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया शाम को जिला पुलिस अधीक्षक गुरूकरन सिंह , एडिशनल एसपी अवधेश प्रताप सिंह ,एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ,केसला थाना प्रभारी आशीष पवार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मुआयना किया । इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है कल एफएसएल टीम भी आकर घटनास्थल का निरीक्षण करेगी।

मामला आदिवासी विकासखंड केसला के ग्राम सुखतवा पंचायत के ग्राम चौकी पुरा का है, यहां अज्ञात लोगों द्वारा क्रिश्चियन समुदाय की एक चर्च में आग लगाने एवं दीवार पर हिंदू धर्म के पूज्य भगवान राम का नाम लिखकर धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास किया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान केसला थाना प्रभारी आशीष पवार समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है।

जानकारी के अनुसार पिछले रविवार सामूहिक प्रार्थना करने के बाद क्रिश्चियन समुदाय के अनुयायी चर्च में ताला डालकर चले गए थे। आज रविवार की सुबह जब वह पुनः प्रार्थना के लिए पहुंचे तो यह देखकर दंग रह गए कि चर्च की खिड़की की जाली टूटी हुई है। जब लोगों ने अंदर देखा तो दीवार पर एक जगह पक्के रंग से एक जगह राम लिखा हुआ था, वही चर्च में आग लगाने का प्रयास भी किया गया था। ज्ञात रहे कि कुछ दिनों पूर्व इटारसी की मिशनखेड़ा चर्च में भी धार्मिक ग्रंथ को जलाकर चर्च में आग लगाने का मामला सामने आया था, जिसकी पुलिस जांच कर रही थी लेकिन आज तक इस मामले में आरोपियों का पता नहीं लगाया जा सका। मामले की जानकारी लगने पर जिला पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह, एडिशनल एसपी, अवधेश प्रताप सिंह, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया।

# महिला विश्व कप टी20 में भारत की पाकिस्तान पर 7 विकेट से जीत



केप टाउन। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारतीय महिला टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत की। भारतीय टीम ने अपने पहले विश्व कप मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम का अगला मैच 15 फरवरी को केपटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला जाएगा।

वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की पाकिस्तान पर यह 5वीं जीत है। महिला टी20 क्रिकेट के इतिहास में भारत ने पाकिस्तान को 11वीं बार हराया है। केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर रविवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 149 रन बनाए. टीम के लिए आयशा नसीम ने 25 गेंदों पर 43 रनों की विस्फोटक पारी खेली. वहीं, कप्तान बिस्माह मारूफ ने 55 गेंद में नाबाद 68 रन का योगदान दिया। जवाब में, टीम इंडिया ने 6 गेंद शेष रहते तीन विकेट से जीत के लिए आवश्यक रन बनाए। टीम के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (53 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने रिचा घोष के साथ 33 गेंद में 58 रन की नाबाद साझेदारी की।

केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 149 रन बनाए. टीम के लिए आयशा नसीम ने 25 गेंदों पर 43 रनों की विस्फोटक पारी खेली. वहीं, कप्तान बिस्माह मारूफ ने 55 गेंद में नाबाद 68 रन का योगदान दिया। महिला क्रिकेट में टीम इंडिया के खिलाफ पाकिस्तान का यह सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने पिछले साल सिलहट में 137 रन बनाए थे।

भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट लिए। दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्रकार को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने आखिरी 5 ओवर में 58 रन बटोरे। कप्तान मारूफ ने अर्धशतक लगाया। जबकि आयशा नसीम ने 43 रन बनाए। दोनों के बीच 47 गेंदों में 81 रन की पार्टनरशिप हुई।

# मैक्रोटेक डेवलपर्स मार्च तक 11,000 फ्लैट की आपूर्ति करेगीः सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड ने सभी परियोजनाओं में निर्माण कार्य तेज होने और मांग अच्छी रहने से चालू वित्त वर्ष में करीब 11,000 फ्लैट की आपूर्ति की उम्मीद जताई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में की गई 7,000 फ्लैट की आपूर्ति की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को करीब 11,000 फ्लैट की आपूर्ति करने की उम्मीद है।

लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियों की बिक्री करने वाली कंपनी के सीईओ अभिषेक लोढ़ा ने कहा, आवासीय ऋण पर ब्याज दर बढ़ने के बावजूद बिक्री में तेजी कायम रहने की हमें उम्मीद है। बाजार धारणा मजबूत होने से हमें घरों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कंपनी तिमाही में करीब 3,000 फ्लैट की बिक्री कर रही है और मार्च तिमाही में भी यह सिलसिला कायम रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, इस वित्त वर्ष में हम 10,000 से लेकर 11,000 फ्लैट की आपूर्ति करेंगे। यह महामारी से प्रभावित रहे वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में बड़ी वृद्धि है। लोढ़ा ने कहा कि इस वित्त वर्ष में घरों की बिक्री बुकिंग और नकद प्रवाह अच्छा रहने से दिसंबर तिमाही में कर्ज में 753 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई। मार्च तिमाही में इसमें करीब 1,000 करोड़ रुपये की कमी और होने की उम्मीद है।

उठावना
(बेसणुं)
जीवन में व्याप्त संघर्षों को अपने जीवट से लील कर,
कर्मक्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ कर,
अनगिनत जीवनों में अनुशासन और शिक्षा का उजियारा भर कर,
असंख्य जीवनों के लिए एक अनुकरणीय आदर्श छोड़ कर



श्रीमति मंजुला के पोंदा
(संस्थापक रेड रोज ग्रुप)
दिनांक 11 फरवरी, 2023 के दिन प्रभु चरण में विलीन हो गई हैं।
उनका उठावना (बेसणुं)
दिनांक 13 फरवरी, 2023, सोमवार
को दोपहर 4 और 5 बजे के मध्य
मानस भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल में रखा गया है।

सुमीत व सेजल पोंदा (पुत्र एवं पुत्रवधु)
हर्षिल व श्रेया पोंदा (पौत्र एवं पौत्रवधु)
यशराज व श्रेया पोंदा (पौत्र एवं पौत्रवधु)
पोंदा परिवार, डॉ. पन्ना अखानी, कारिया (अहमदाबाद),
पटेल (बकतरा वाले) एवं जायसवाल परिवार

# विकास यात्रा के दौरान 570 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 261 निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

**यात्रा के दौरान प्राप्त 26621 आवेदनों में से 24692 आवेदन स्वीकृत 233 प्रदर्शनियां भी हुईं आयोजित**

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती पटले के मार्गदर्शन में जिले में 5 फरवरी से विकास यात्रायें निकाली जा रही हैं तथा इस यात्रा के दौरान जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों के 1860 ग्रामों और 315 वार्डों में विकास यात्रा प्रस्तावित है जिसमें से 11 फरवरी तक 313 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं । विकास यात्रा के दौरान 27.28 करोड़ रूपये लागत के 570 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 33.98 करोड रूपये लागत के 261 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस दौरान 26621 आवेदन प्राप्त कर 24692 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 29 आवेदन अस्वीकृत किये जाने के बाद 1900 लंबित आवेदन शीघ्र निराकृत किये जायेंगे । इस दौरान 233 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है । विकास यात्रा के दौरान गत दिवस 11 फरवरी को 40 यात्रायें संपन्न हुई जिसमें 6.57 करोड़ रूपये लागत के 179 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 5.80 करोड़ रूपये लागत के 93 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस दौरान 4228 आवेदन प्राप्त कर 3885 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 6 आवेदन अस्वीकृत किये जाने के बाद 337 लंबित आवेदन शीघ्र निराकृत किये जायेंगे । इस दौरान 68 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है । 5 से 11 फरवरी तक जिले के विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव में 7 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं । विकास यात्रा के दौरान 5.32 करोड़ रूपये लागत के 14 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 5.09 करोड रूपये लागत के 4 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस दौरान 3002 आवेदन प्राप्त कर 2029 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 973 लंबित आवेदन शीघ्र निराकृत किये जायेंगे । इस दौरान 7 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है । विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा मंर 23 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं । विकास यात्रा के दौरान 2.40 करोड़ रूपये लागत के 36 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 14.17 करोड रूपये लागत के 43 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस



दौरान 6514 आवेदन प्राप्त कर 6465 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 49 लंबित आवेदन शीघ्र निराकृत किये जायेंगे । इस दौरान 29 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है । विधानसभा क्षेत्र चौरई में 22 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं । विकास यात्रा के दौरान एक करोड़ रूपये लागत के 54 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 3.31 करोड रूपये लागत के 106 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस दौरान 3844 आवेदन प्राप्त कर 3723 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 5 आवेदन अस्वीकृत किये जाने के बाद 116 लंबित आवेदन शीघ्र निराकृत किये जायेंगे । इस दौरान 15 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है । विधानसभा क्षेत्र सौंसर में 67 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं । विकास यात्रा के दौरान 7.03 करोड़ रूपये लागत के 127 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 4.40 करोड रूपये लागत के 25 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस दौरान 3566 आवेदन प्राप्त कर 3555 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 11 आवेदन अस्वीकृत किये गये हैं । इस दौरान 82 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है ।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा में 83 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं । विकास यात्रा के दौरान 20 लाख रूपये लागत के 2 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 1.88 करोड रूपये लागत के 16 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस दौरान 3010 आवेदन प्राप्त कर शत-प्रतिशत आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं । इस दौरान 14 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है । विधानसभा क्षेत्र परासिया में 30 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं । विकास यात्रा के दौरान 5.24 करोड़ रूपये लागत के 141 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 2.02 करोड रूपये लागत के 32 निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया जा चुका है । इस दौरान 4057 आवेदन प्राप्त कर 3446 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 611 लंबित आवेदन शीघ्र निराकृत किये जायेंगे । इस दौरान 29 प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा चुका है । विधानसभा क्षेत्र पांढुर्णा में 81 यात्रायें संपन्न हो चुकी हैं

# एक मूल, एक वृक्ष, शाखाएं अनेक हैं, विकास-धर्म-कर्म से सब वैश्य एक हैः उमाशंकर गुप्ता

**वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संपन्न**




**छिंदवाड़ा ।** वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा ईकाई द्वारा रविवार को आजीवन सदस्यों का मिलन एवं सम्मान समारोह स्थानीय होटल जेपी इन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी, प्रदेश मंत्री सत्यनारायण अग्रवाल एवं संभागीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल के आतिथ्य में किया गया।निर्धारित कार्यक्रमानुसार सुबह 10 बजे वैश्य महासम्मेलन के जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष ने संगठन द्वारा वर्ष भर में आयोजित किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।दोपहर 1 बजे वैश्य महासम्मेलन की आजीवन सदस्यों का सम्मान एवं मिलन सम्मरोह दीप प्रज्वलित कर वैश्यों की आराध्य देवी लक्ष्मी व सरस्वती पूजन कर, वैश्य गान के साथ प्रारंभ किया गया। महिला इकाई की सदस्यों द्वारा वैश्य गान की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के कहा कि कलियुग में संगठन में ही ताकत होगी, प्रजातंत्र में जनता के आधार पर ही निर्णय होते हैं। बुध्दिमानों का संगठन खड़ा करना बहुत कठिन काम है। उन्होंने कहा %एक मूल, एक वृक्ष, शाखाएं अनेक हैं, विकास-धर्म-कर्म से, सब वैश्य एक है, के ध्येय वाक्य को लेकर चलते हुए वैश्य एकता के लिए वैश्य महासम्मेलन निरंतर कार्य करते हुए 50 हजार से अधिक आजीवन सदस्यों सहित 20 हजार पंचायत तक पहुंच वाला संगठन बन गया है। संगठन ही हमारी ताकत है। संगठन में सभी की भावनाओं को ध्यान में रखना आवश्यक होता है। हम सब एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें और शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत वैश्य बंधु यह अनुभव करें कि वैश्य महासम्मेलन उनके हितों के संरक्षण एवं विकास के लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी ने कहा कि %संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता और जो टूट जाये वो संकल्प नहीं होता।% ऐसा कहा जाता है यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और अपनी बुद्धि, कौशल, बल व ताकत का अच्छा प्रयोग करें, तो वह आसमान से तारे भी तोड़कर ला सकता है। वैश्य महासम्मेलन को हम सब साथ मिलकर, नई उंचाइयों पर पहुंचाये और निरंतर आगे बढ़ते रहे। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश वर्तमान मेंमध्यप्रदेश का सर्वाधिक सक्रिय संगठन है, जिसकी मूल भावना आपसी सहयोग है। प्रदेश मंत्री सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश वर्तमान में मध्यप्रदेश का सर्वाधिक सक्रिय संगठन है, जिसकी मूल भावना आपसी सहयोग, पारिवारिक सुरक्षा एवं सामाजिक रूप से संगठित होना है। इस दिशा में हमारे निरंतर प्रयास एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की कार्ययोजना सामाजिक ढांचे को आंतरिक रूप से मजबूती प्रदान कर रही है। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में तीव्र गति से सदस्य बनना संगठन की कर्मठ कार्यशैली, लगन व कड़ी मेहनत का सुखद परिणाम है। यह प्रदेश में प्रसिद्ध है की छिंदवाड़ा ईकाई नित नए प्रयोग करती है और सफल होती है। संभागीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन म.प्र. द्वारा वैश्य समाज को संगठित करने और सामाजिक हितों की रक्षा के लिये जाग्रत करने के सतत् प्रयासों से बालाघाट संभाग में वैश्य बंधुओं को एक नई ऊर्जा के साथ-साथ संगठन शक्ति प्राप्त हुई है। हम सभी का यही प्रयास है कि वैश्य समाज के सभी घटक एकजुट होकर सामाजिक एकता की दिशा में आगे बढ़ें ताकि सभी शक्तिशाली हो सके। वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा ने जिला इकाई के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन वहां सफल होता है जहां स्मार्ट वर्कर होते हैं। छिंदवाड़ा ईकाई में सभी स्मार्ट वर्कर हैं, यही कारण है कि छिंदवाड़ा ईकाई के सभी कार्यक्रम सफल होते हैं। वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा ईकाई जिला अध्यक्ष रमेश जाखोटिया ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा ईकाई ने आधुनिक संचार माध्यमों को अपनाया और इसी का परिणाम है कि छिंदवाड़ा ईकाई अपना काम आसानी से समय सीमा में पूर्ण कर पाते हैं।

### वैश्य विभूति सम्मान

छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सिंगोड़ी के प्रतिष्ठित सिंघई परिवार में मनोज जैन का जन्म ग्राम सिंगोड़ी में हुआ। श्री जैन भारतीय जनता पार्टी के अंत्योदय समिति के अध्यक्ष रहे। सिंगोड़ी न्याय पंचायत एवं तिलहन संघ सहकारी समिति के अध्यक्ष रहते हुए अनेकों उल्लेखनीय कार्य किये गए। कोरोनाकाल में भी श्री जैन द्वारा सक्रिय योगदान दिया गया। श्री जैन के उत्कृष्ट कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई छिन्दवाड़ा द्वारा उन्हें वैश्य विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया।

राज साहू स्वयंसेवी संस्था श्री रामनाम सेवा समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष राज साहू विगत 10 वर्षों से शादी विवाह आदि सामूहिक कार्यक्रमों में बचा हुआ अच्छा भोजन जरूरतमंद बस्तियों में वितरण करते आ रहे हैं। प्रियल अग्रवाल, प्रसन्न दीपक खंडेलवाल, शुभ असाटी, मिहिर सोनी को वैश्य प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

## चांवलपानी में विधायक कप सुहागपुर की टीम ने जीता



**तामिया ।** विगत दिनों तामिया ब्लॉक के चावल पानी में विधायक क्रिकेट कप का आयोजन किया गया जिसमें जिले एवं प्रदेश की 16 टीमों ने भाग लिया फाइनल मुकाबला यंग स्टार भेखेड़ी सुहागपुर की टीम और आदर्श क्लब चावल पानी के मध्य हुआ जिसमें भेखेड़ी ने 10 ओवर में 94 रन बनाए इसके विरुद्ध चावल पानी ने 10 ओवर में 90 रन बनाए इस तरह 4 रन से भू खेड़ी सुहागपुर की टीम विजय हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके पर्यवेक्षक जमील खान ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन साहू सतीश मिश्रा की उपस्थिति में विजय टीम वो खेड़ा स्वागपुर को 21 हजार रुपए नगद एवं शील्ड प्रदान की गई वही उपविजेता आदर्श क्लब चावल पानी को 11 हजार रुपे एवं सील प्रदान की गई कार्यक्रम को सफल बनाने में उमराव सा कमल भांन सा सरपंच द्रोपति भाई उपसरपंच बंटी गुप्ता मोहित चौकसे अजय मालवीय यश गुप्ता देवी पटेल कुंवर लाल पाल मूलचंद गुप्ता एवं ग्राम वासियों का विशेष योगदान रहा।

# मैं जब तक पूरे देश के सनातनियों को जगा ना दू तब तक चैन से नही बैठूंगा: देवकी नंदन

**मानव का मन ही उसे पतन की ओर ले जाता है इससे बचने के लिए भगवान की कथाओं को जीवन में लाना और उतारना होगा- आचार्य देवकी नंदन ठाकुर**





**छिन्दवाड़ा ।** राम को बुद्धि विवेक और तर्क से नही समझा जा सकता है राम अतर्क है, शरीर आत्मा के बिना कुछ नही लेकिन किसी ने आत्मा को देखा नही है इसका यह अर्थ यह नही है कि आत्मा नही है, परमात्मा का केवल उत्तम भक्ति से ही साक्षातकार हो सकता है श्रवण, मनन और कीर्तन भक्ति का माध्यम है यह बात आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने दशहरा मैदान में विवेक बंटी साहू सहित समस्त साहू परिवार द्वारा महाशिवरात्रि पर आयोजित शिव महापुराण कथा महोत्सव के दूसरे दिन व्यास पीठ से अपने प्रवचनों में कही, दूसरे दिन कथा सुनने दशहरा मैदान में शिव भक्तो का जन सैलाब उमड़ पड़ा, आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने शनिवार को पापों से पिशाच बने बिन्दुक सहित ब्रम्हा के अभिमान और कलयुग के प्रभाव की कथा सुनाई, उन्होंने कहा कि शिवपुराण सुनने मात्र से बिन्दुक का कल्याण हो गया था माता पार्वती के आदेश पर विंध्य पर्वत पर गंधर्व राज तुमरू ने पिशाच बिन्दुक को जबरन यह कथा सुनाई तो भी वह प्रेत योनि से मुक्त हुआ और शिवलोक में उसे स्थान मिला था, उन्होंने भगवान शिव के शिवलिंग रूप में प्रकट होने की कथा बताते हुए कहा कि जब ब्रम्हा और भगवान विष्णु के बीच कौन बड़ा है के वर्चस्व में युद्ध होने लगा तब भगवान भोलेनाथ शिवलिंग रूप में अग्नि स्तम्भ की तरह प्रकट हुए थे जिसका दोनों ओर-छोर पता नही कर पाए थे इसको लेकर ब्रम्हा और केतकी के फूल ने झूठ बोला था जिस पर शिव की भृकुटि से प्रकट हुए काल भैरव ने ब्रम्हा का एक सिर काट दिया था तब से पांच मुख वाले ब्रम्हा चार मुख वाले हो गए थे वही केतकी के फूल को अपने अंग से भगवान शिव ने हमेशा के लिए नकार दिया है किन्तु भगवान विष्णु ने सत्य से नही डिगे यही से भगवान विष्णु को भगवान सत्य नारायण का नाम मिला था, उन्होंने कलयुग में मानव के लक्षण बताते हुए कहा कि मानव का मन ही उसे पतन की ओर ले जाता है इससे बचने के लिए ही भगवान की कथाओं को जीवन में लाना और उतारना होगा, प्रवचन के दौरान उन्होंने अपने श्री मुख से तेरा पल पल बीता जाए मुख से जपले नमः शिवाय और अभी तो जगाया तुझे फिर सो गया भजन भी सुनाए।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

**छिंदवाड़ा ।** श्री केसरी नन्दन हनुमान मंदिर तिलक मार्केट छिन्दवाड़ा में आगामी 06 अप्रैल 2023 को भव्य हनुमान जन्मोत्सव एवं इस पर अवसर पर आयोजित विशाल भण्डारे के आयोजन को लेकर स्थानीय मंदिर प्रांगण में पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता मंदिर मुख्य पुजारी अनिल मालवी ने की । श्री मालवी ने बताया कि विगत लंबे समय से मंदिर प्रांगण में बोर लगाये जाने की मांग जिला प्रशासन एवं अन्य जन प्रतिनिधियों से की गई, और इस मांग को नगर पालिक निगम अध्यक्ष एवं मंदिर के सदस्य धर्मेन्द्र सोनू मागो द्वारा पूरा करते हुये मंदिर में श्रद्धालुओं को पेयजल की सुविधा हेतु बोर करवाया गया है, इसके लिये मंदिर के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और समस्त भक्तगणों ने श्री मागो के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये उन्हे अभिनंदन पत्र भेट किया, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की उनका सहयोग इसी तरह से बना रहेगा । बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष ईशान मैद, नंदकिशोर साहू, अशोक सतीजा, समीर सोनी ,यशसिंग गौतम , इन्द्र कुमार डेहरिया, सौरभ अरोरा ,शुभम् विश्वकर्मा ,जय बैस ,अजय साहू ,सन्तोष मालवी ,अनिल यादव ,अमन चैरिया, अमित बैस ,विशाल यादव ,सुरेन्द्र पाटिल ,अस्सू , बलराम मालवी आदि उपस्थित थे ।

## एक दिन की भूख हड़ताल करेंगे पेंशनर्स

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल जिला शाखा छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि शासकीय जवाहर कन्या शाला सब्जी बाजार छिन्दवाड़ा में समय दोपहर 12.30 बजे से मासिक बैठक प्रारंभ हुयी । बैठक की अध्यक्षता श्रीमती शांति श्रीवास द्वारा की गयी बैठक को शरद दुबे , अशोक भोयर ,शरद नामदेव ,जागेश्वर ढोमने एवं बी.एन.विश्वकर्मा जिसमें पेंशनर्स संगठन की एकता बनाये रखने ,पेंशनर्स की लंबित मांगों के लिये उग्र आंदोलन करने के लिये अपने उद्बोधन में पेंशनरों को तन ,मन,धन एवं अपना कीमती समय देकर संघर्ष के लिये तैयार रहने को कहा गया ,साथ ही 27 एवं 28 मई 2023 को ग्वालियर में आयोजित पेंशनर्स महासंघ के सम्मेलन में भारी संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आव्हान किया गया। पेंशनर्स को सदस्यता संख्या बढ़ाने हेतु लक्ष्य दिया गया। उमरानाला के अध्यक्ष शिवनंदन खुदरेजिया , सांवरी अध्यक्ष गोधन पवार ,सोमेश्वर बोरकर ने सदस्यता शुल्क की राशि जमा की । आने वाले विधानसभा चुनाव में छटवे वेतनमान का 32 माह का एरियर्स सातवे वेतनमान एवं 27 माह का एरियर्स पेंशनरों को भी कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों के सामान मंहगाई भत्ता देने आयुष्मान योजना में शामिल करने ,धारा 49/6 विलोपित करने जैसी मांगों को जोर शोर से उठाकर शासन पर दबाव बनाकर मांगें मनवाने का प्रस्ताव पारित किया गया । साथ ही दिनांक 27 फरवरी 2023 को स्थान इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क शुक्ला ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा में एक दिवसीय भूख हड़ताल कर रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपने का निर्णय लिया गया ।



## चौरई के 5 ग्रामों में विकास यात्रा

**छिन्दवाड़ा ।** जिले के विधानसभा क्षेत्र चौरई में आज ग्राम साजपानी से विकास यात्रा का शुभारंभ हुआ जो ग्राम कुंभपानी, जमुनिया व पोनिया होते हुये ग्राम सिरस पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ । विकास यात्रा के दौरान ग्राम साजपानी में आयोजित सभा में ग्राम साजपानी, मंदरिया, कोकीवाडा, धौलपुर व बांसखेड़ा, ग्राम कुंभपानी में आयोजित सभा में ग्राम कुंभपानी, जमतरा, रमपुरी, दावाझिर, मेघदौन व पतलौन, ग्राम फुटेरा में आयोजित सभा में ग्राम जमुनिया, लालगांव, बादगांव व चंदनगांव, ग्राम पौनिया में आयोजित सभा में ग्राम पौनिया, खैरघाट व टॉप और ग्राम सिरस में आयोजित सभा में ग्राम आमगांव, पिपरियाखाती व सिरस के ग्रामवासी शामिल हुये । सभाओं के दौरान हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । पूर्व विधायक पं.रमेश दुबे द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ सभाओं में कन्याओं का पूजन किया गया तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण किया गया । विकास यात्रा के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्र-छात्रायें और ग्रामीणजन मौजूद थे।



## सुपर ओवर में फेथ क्लब भोपाल ने लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली को 1 विकेट से हराया

**छिंदवाड़ा ।** प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय एवं प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली व फेथ क्लब भोपाल के मध्य खेला मैच खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए फेथ क्लब भोपाल ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाएं । जिसमें अक्षत रघुवंशी ने 64 व 40 रन गौरव पचोनिया ने बनाये। लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली के गेंदबाज यथार्थ सिंग ने 3 व श्रीनिवासन गट्टानी ने 2 विकेट लिए ।167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली की टीम ने भी 20 ओवर में 7 विकेट पर 166 रन बनाए और मैच टाई हो गया। लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली के बल्लेबाज सुमित चिकारा ने नाबाद 49 व दीपेश बाल्यान ने 45 रन बनाए। फेथ क्लब भोपाल के गेंदबाज अक्षत रघुवंशी ने 3 व अलंकृत सिंग व अनंत दुबे ने 2-2 विकेट लिए ।सुपर ओवर सुपर ओवर में लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली ने 1 ओवर में 7 रन बनाए। 8 रनों के लक्ष्य के जवाब में फेथ क्लब भोपाल ने जरूरी रन ओवर की अंतिम गेंद पर बनाकर मैच को रोमांचक तरीके से जीता। मैच सुपर ओवर में 1 विकेट से फेथ क्लब भोपाल ने जीता। मैच में अंपायर वीसीए से रजिस्टर्ड अंपायर मोनीश रामटेके व दिग्विजय डिसिल्वा स्कोरर अभय मालवी व कमेंटेटर श्रान्त चन्देल रहे । मैन ऑफ द मैच रहे अक्षत रघुवंशी को 1100 रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया ।आयोजन समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष नितिन खंडेलवाल, सचिव संदीप मालवीय, कोषाध्यक्ष प्रमोद मालवीय, सदस्य शैलेश करमरकर, भीष्म प्रताप चौहान,सपन सिंग,राजा खान, अंकित सिंग राजपूत,शेख तारिक,संतोष शर्मा, विशाल करमरकर,सचिन सहारे,अम्बर सूर्यवंशी,राजा विश्वकर्मा अभय मालवी है।

## राशन दुकान बंद होने से पार्षद नाराज, वार्ड वासी परेशान



**छिन्दवाड़ा ।** वार्ड क्रमांक 6 में सुबह-सुबह राशन की दुकान पर लोगों के पहुंचने पर उन्हें राशन की दुकान बंद मिली जिसके बाद लोग पार्षद सरला सिसोदिया के घर पहुंचे पार्षद और राशन लेने वाले लोग दोबारा दुकान में पहुंचे लेकिन पार्षद सरला सिसोदिया ने भी देखा कि दुकान बंद थी संचालक को कई बार फोन करने पर वो करीब 11ः00 बजे पहुंची जबकि दुकान खोलने का टाइम सुबह 8ः00 बजे था संचालक से पूछने पर उसने बताया कि कल अन्न महोत्सव मनाने के कारण आज दुकान बंद रखी गई है लेकिन इसकी सूचना न जनता को थी ना ही पार्षद को थी, जब उच्च अधिकारियों से बात की गई लेकिन ऐसा अक्सर होता है कि राशन दुकान समय पर नहीं खुलती है और जनता को परेशान होना पड़ता है कई बार आवंटन नहीं आया का बहाना होता है कई बार सर्वर डाउन होने का बहाना होता है इन्ही अनियमितताओं के चलते पार्षद सरला सिसोदिया ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है अधिकारियों द्वारा द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है...

## एक जुट होकर शिक्षकों ने की पेंशन की मांग

**छिन्दवाड़ा-** म.प्र.शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय में एक दिवसीय सत्याग्रह प्रदर्शन के माध्यम से अनेक वर्षो से लंबित मांग पुरानी पेंशन बहाली ,पदनाम एवं नियुक्ति तिथि से शिक्षकों को वरिष्ठता प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री ,माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री ,माननीय जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री ,मुख्य सचिव म.प्र.शासन ,प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग भोपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया । मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के पदाधिकारियों के साथ जिला जेल बगीचा में विशाल सत्याग्रह का आयोजन गुरूजी ,अध्यापक ,संविदा एवं समस्त शैक्षिक संगठनों ने एक जुटता का परिचय दिखाते हुये जिले ,तहसील एवं विकासखण्ड स्तर के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सत्याग्रह में अपने -अपने विचार व्यक्त करते हुये अतिशीघ्र अपनी मांगों को मनवाने हेतु शासन से अपील की । इसी क्रम में अध्यापक प्रकोष्ठ से अनिल कुमार सूर्यवंशी ,अरविन्द भट्ट ,विनोद डेहरिया ,विनोद वर्मा ,किरण शर्मा ,वीरेन्द्र शर्मा ,प्रदीप सूर्यवंशी , प्रमोद लाडे ,जय कुमार सूर्यवंशी ,चंचलेश राजपूत ,यशोदा वर्मा ,रजनी उइके ,शांति उइके ,मालती साहू ,ममता राय,अंजू राजपूत ,पदमा वर्मा ,अनिता परिहार ,अर्चना बुनकर ,प्रभा श्रीवास्तव,अनिल शर्मा आदि के द्वारा पेंशन बहाली न होने के कारण आर्थिक नुकसान एवं भविष्य में होने वाली परेशानियों को प्रस्तुत किया । प्रधान पाठक प्रकोष्ठ से शरद राय ,रीता चटर्जी ,विकास डबली ,राजेन्द्र तिवारी ,सुंमरलाल उइके ,वामन बलकी ने भी सत्याग्रह को संबोधित करते हुये पुरानी पेंशन की बहाली के लिये अपना समर्थन दिया । विकासखण्डों से आये पदाधिकारियों में विजय मोहोड़ ,पांढुर्ना एस.बी.जुमडे ,तामिया एम.ए.ए.बेग, परासिया वीरेन्द्र शर्मा ,हर्रई आर.एस.बरकडे ,द्वारा अपने विचार रखते हुये उपस्थित शिक्षक समुदाय को आने वाले समय में एकजुट होने हेतु प्रेरित किया गया व मांगे पूरी न होने की स्थिति में 26 फरवरी को प्रांत स्तर पर भोपाल में सत्याग्रह में जाने का संकल्प दिलाया गया । इसके पश्चात् शहर के मुख्य मार्गो से होते हुये विशाल रैली जिला कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## छिंदवाड़ा नरसिंहपुर हाईवे में सड़कों पर सफेद पट्टी नहीं होने की वजह से हो रहे हादसे, प्रशासन बेखबर

**अमरवाड़ा ।** छिंदवाड़ा नरसिंहपुर हाईवे में सड़कों के मरम्मतीकरण के बाद ठेकेदार द्वारा सड़कों के दोनों तरफ और बीच में सफेद पट्टी नहीं बनवाई जा रही है। जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं। विदित हो कि सफेद पट्टी वाहनों की लाइट से अलग ही चमकती है। जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी सहायता मिल पाती है और पट्टी की मदद से ही वाहन सही दिशा में चल पाते हैं और दुर्घटनाएं भी कम से कम होती है। छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा के बीच में सड़क की मरम्मत तो कर दी गई है परंतु सड़कों में सफेद पट्टी नहीं बनवाई जा रही है। जिससे प्रशासन भी बेखबर नजर आ रहा है। यही कारण है कि लगातार दुर्घटनाओं का अंदेशा भी इन सड़कों में बना हुआ है।इन सरपट सड़कों में पैदल चलने वाले राहगीर भी वाहन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। आमजनों के बीच लगातार मांग उठ रही है कि जल्द से जल्द इन सड़कों में सफेद पट्टी भी बनवाई जाए ताकि दुर्घटनाओं का अंदेशा कम से कम हो सके।जनवरी माह में सफेद पट्टी नहीं होने की वजह से हुए तीन हादसे अमरवाड़ा शहर के आसपास जनवरी माह में सफेद पट्टी नहीं होने की वजह से सड़कों में लगभग 3 हादसे हुए हैं। छिंदवाड़ा रोड में अमरवाड़ा बाईपास के पास, भुमका घाटी और गरमेटा रोड के पास। इन हादसों का कारण सिर्फ सफेद पट्टी की वजह से वाहन का अनियंत्रित होना ही दुर्घटना में घायल लोगों ने बताया है। इन तीन दुर्घटनाओं में से एक में जान भी जा चुकी है। इन सब तथ्यों को देखते हुए प्रशासन को विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए।



## दिव्यांग छात्रावास में उपहार स्वरूप प्रदान की जरूरत की सामग्री



**छिंदवाड़ा ।** बी. टी. आई .परिसर स्थित सी डब्लू एस एन दिव्यांग छात्रावास में देवतारा फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वर्गीय राजदेव द्विवेदी जी की पुण्य स्मृति में कन्याओं को दैनिक उपयोग की वस्तुए उपहार स्वरूप प्रदान कर स्वल्पहार करवाकर पुण्य लाभ लिया ।इस अवसर पर उनके पुत्र अमित द्विवेदी,आशीष द्विवेदी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल,ब्लाक समन्वयक अखिलेस जैन, समाजसेवी विनोद तिवारी, सुश्री आराधना शुक्ला संदीप अग्निहोत्री, डाक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा,पूनम चंद अथर्व,दिव्यांस ,आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी यो ने राष्ट्रपति पदक से सम्मानित स्वर्गीय राज द्विवेद की फोटो पर पुष्प एवम मल्यापन अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित सभी दिव्यांगजनों ने अनूठे तरीके से गीत के माध्यम से अपना भाव प्रगट किया। संस्था की तरफ से दीवार घड़ी बच्चों के लिए पीने के लिए पानी के बोतल एवं उन्हें अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई जिसे पाकर सभी बच्चे गदगद हो गए। हॉस्टल वार्डन आराधना पाटिल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्री आदिनाथ जिनालय का 29 वां वार्षिक महोत्सव

**छिन्दवाड़ा।** श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवकों ने अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनालय का दो दिवसीय 29 वां वार्षिक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ बा. ब्र. डॉ. आरती जैन एवं पं. अंकुरजी शास्त्री भोपाल सहित समस्त श्रावकगणों के मंगल सानिध्य में भक्ति भाव पूर्वक मनाया।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बरगद, कचनार और गुलमोहर के पौधे रोपे।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की। इस मौके पर उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं।

# भाजपा समर्पण निधि में पारदर्शिता के लिए कैश सिस्टम खत्म करने की तैयारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा अब पार्टी फंड के नाम पर जमा की जाने वाली समर्पण निधि और अन्य दान राशि के मामले में कैश सिस्टम खत्म करने की तैयारी में है। इसी के चलते प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से शुरू हुए समर्पण निधि अभियान में डिजिटल लेन देन की शुरुआत संगठन एप के माध्यम से की गई है। फंड का पाई-पाई का हिसाब रखने के लिए अब आने वाले दिनों में इसमें और भी



पारदर्शिता रखी जाएगी।

प्रदेश भाजपा ने सभी जिला अध्यक्षों को संगठन एप में यह सुविधा दी है कि वे जिलों में आजीवन सहयोग निधि (समर्पण निधि) की राशि जमा कराने के लिए ऑनलाइन सुविधा का अधिकतम उपयोग करें। इसको लेकर पार्टी के फैसले के अनुरूप संगठन एप में व्यवस्था की गई है। सूत्रों के अनुसार ऑनलाइन पेमेंट का माइक्रो डोनेशन फार्मेट पहले भी पार्टी में प्रभावी था लेकिन अब इसे डिजिटल सिस्टम से जोड़ दिया गया है। नई व्यवस्था के मुताबिक 2000 रुपए से अधिक और 20 हजार रुपए तक के डोनेशन पर चूंकि पैन कार्ड की जरूरत नहीं होती है। इसलिए इतनी राशि आसानी से जमा की जा सकेगी। चूंकि राजनीतिक दलों को 20 हजार रुपए से अधिक की राशि दान देने के लिए पैन कार्ड चुनाव आयोग ने अनिवार्य किया है। इसलिए जो लोग पैनकार्ड के उपयोग के जरिये 20 हजार से अधिक की राशि ऑनलाइन देना चाहेंगे,वे भी दे सकेंगे। इसके लिए एप में आप्शन तय किए गए हैं।

### चेक से पेमेंट कम से कम लेने की तैयारी

बताया गया कि चूंकि डिजिटल पेमेंट मोड को बढ़ावा देने की तैयारी है, इसलिए चेक के माध्यम से कम से कम फंड लेने को कहा गया है लेकिन अभी इसे पूरी तरह से बंद नहीं किया गया है। पार्टी के नाम पर दिए गए चेक के क्लियर होने पर इसकी जानकारी सीधे संगठन एप में आ जाएगी। पार्टी ने पांच रुपए से लेकर अनलिमिटेड दान राशि देने की व्यवस्था कर रखी है।

### ऑनलाइन मौजूद रहेगा हिसाब

पार्टी के अखिलेश जैन बताते हैं कि पहले से ही पार्टी फंड की राशि का हिसाब रखने की व्यवस्था है लेकिन अब इसे और मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। इससे और भी अधिक पारदर्शिता आएगी और लोगों द्वारा दी गई राशि का हिसाब भी आनलाइन मौजूद रहेगा। समर्पण निधि की राशि इसी व्यवस्था से अधिकाधिक जमा कराने के लिए कहा गया है और इसकी शुरुआत राजधानी में लालघाटी पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर एप की लांचिंग के साथ कर दी गई है।





चंबल-ग्वालियर संभाग के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष प्रभात झा ने किया।





राजधानी में आईएफएस मीट के अंतर्गत आज विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी झील में नौकायन भी किया गया। आयोजन में आईएफएस के परिजनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




भोपाल में विकास यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय एवं अन्य लोगों ने भोपाल को ब्रांड बनाने का संकल्प लिया और लोगों को इसके लिए जागरूक किया।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच की बैठक संपन्न

# विधानसभा सत्र के दौरान आंदोलन करेगा कर्मचारी मंच

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले आज एनपीएस धारक कर्मचारियों स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों अंशकालीन कर्मचारियों की बैठक स्थानीय अंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर भोपाल में प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में 5 सूत्रीय मांगों के समर्थन में तीन चरण में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया बैठक को कर्मचारी नेता अशोक पांडे भागीरथ विश्वकर्मा श्याम बिहारी सिंह प्रीतम मेहर प्रमोद बरडे देवेंद्र यादव लव प्रकाश पाराशर आदि ने संबोधित किया।



मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस लागू करने न्यू पेंशन योजना एनपीएस वापस लेने स्थाई कर्मियों एवं छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ 1 जुलाई 2022 से एरियर सहित देने स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ एक दिसंबर 2016 से एरियर सहित देने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने नांन रेगुलर कैडर के कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का दर्जा एवं कलेक्टर दर का न्यूनतम वेतन देने स्थाई कर्मियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों अंशकालीन कर्मचारियों को माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान करने की मांग के समर्थन में 15 फरवरी 2023 को जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपने 21 फरवरी 2023 को भोपाल में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने तथा 14 मार्च 2023 को विधानसभा सत्र का घेराव कर प्रांत व्यापी धरना देकर मुख्यमंत्री को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपने का निर्णय आज की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है आज की बैठक में शिवप्रसाद सांगुले हरि सिंह सोलंकी प्रेम नारायण सिंह भगवानदास बिल्लोरे भानु प्रताप सिंह चांद सिंह श्याम लाल विश्वकर्मा गणेश शुक्ला फकीरचंद मिश्रीलाल मालवीय नन्नू लाल मालवीय अशोक गायकवाड सांवरिया भील आदि सैकड़ो कर्मचारी शामिल थे।

# लगभग 25 लाख दीपको की धुलाई एवं पैकिंग का कार्य हुआ प्रारंभ महापौर ने देखी व्यवस्था

**उज्जैन।** 18 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर माँ क्षिप्रा के पावन तट पर शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है । जिसमें क्षिप्रा नदी के घाटों पर 21 लाख दीप प्रज्वलित करते हुए विश्व कीर्तिमान बनाया जाएगा, इसके लिए दीपों का धुलाई एवं पैकिंग कार्य रविवार से प्रारंभ हुआ महापौर मुकेश टटवाल ने दीप धुलाई कार्य की व्यवस्थाएं देखी। शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव अन्तर्गत लगाए जाने वाले दीपो की उपलब्धता नगर निगम को प्राप्त हो गई है, रविवार से ग्राण्ड होटल परिसर में नगर निगम के कर्मचारी एवं महिला बाल विकास की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा दीपों को भिगोने-धोने का कार्य प्रारंभ किया गया तथा यहीं से पैकिंग करते हुए हर ब्लाक में भिजवाया जाएगा। महापौर मुकेश टटवाल ने दीपों की धुलाई एवं पैकिंग के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कर्मचारीयों के बीच पहुंच उनका होसला बढ़ाया ।



### आंगनवाड़ी सहायिका बहने दीपक धोने का कार्य तत्काल बंद कर वापस आपने घर चले जाएं: रामलाल पंड्या

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अध्यक्ष नागदा निवासी रामलाल पंड्या द्वारा सोश्यल मिडिया पर विडियो वायरल कर कहा गया कि उज्जैन में ÷आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ से जो दीप जो धुलवाए जा रहे है अधिकारी द्वारा, यह काम आंगनवाड़ी सहायिका बहनों का नहीं है, उन बहनों से मेरा निवेदन है कि यह काम उनका नही है यह काम तत्काल बंद कर दे । यह काम मजदूरों का है, नगर निगम कर्मचारीयों का है हम लोग अतिरिक्त कार्य नहीं करेंगे, शासन का आदेश है । सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहने अपने घर चले जाएं यादि कोई अधिकारी नोटिस देगा तो उसका जवाब में दूंगा ।÷ वही उज्जैन नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का विरोध वाजिब है कांग्रेस पार्टी उनके साथ हर संघर्ष में खड़ी है ।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से दीपक धुलवाने का कार्य कराना निंदनीय: नेता प्रतिपक्ष रवि राय

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय द्वारा सोश्यल मिडिया पर वक्तव्य जारी कर कहा कि नगर निगम उज्जैन द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवज्योति अर्पणम कार्यक्रम के तहत लगभग 3 करोड़ से अधिक के टेंडर किए गए परंतु अधिकतर कार्य समाज सेवी संस्थाओं और नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है । परंतु आज एक अनोखे आदेश ने नगर निगम बोर्ड की पोल खोल दी । शहर की लगभग 300 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे दीपकों की धुलाई का कार्य सौंपा गया । जबकि यह कार्य ठेकेदार या अन्य मजदूरों से कराया जा सकता था, नगर निगम में मजदूरों की कोई कमी नहीं है । आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से दीपक धुलवाने का कार्य कराना निंदनीय है, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक शिक्षिका की तरह देखा जाता है, वे माई माता की तरह छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षित करती है परंतु इन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दीपक धोने जैसे कार्य में लगाया गया है और लगभग तीन दिवस तक उनसे दीपक धुलवाये जायेंगे । हर जगह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाना उचित नहीं है उनके मान-सम्मान एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति शासन प्रशासन ध्यान नहीं देता और मजदूर जैसे उनसे कार्य कराये जा रहे है ।

# सीवेज जापानी सड़कों, निगम के सफाई कर्मी नदारद

**भोपाल ।** राजधानी के सबसे पॉश एरिया ईदगाह हिल स्थित शासकीय टीबी अस्पताल के पास पिछले कुछ दिनों से सीवेज का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिसे रोकने का प्रयास निगम जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नहीं कराया जरहा है जिससे वहां से निकलने वालों के परेशानी का सबब बना हुआ है। शहर में जगह जगह गंदगी फैली हुई है और साथ कुछ जगहों पर सीवेज का पानी बहना आम बात हो गई है । जहां निगम में लाखों रुपए सिर्फ सफाई कर्मियों पर ही जाते है। और वहां पर सफाई के नाम पर कुछ नहीं हो रहा है। अभी हालभी में ईदगाह हिल स्थाई टीबी अस्पताल के सामने काफी समय से सड़क पर पानी बह रहा है। यह गंदा पानी लोगों घरों में उपयोग किया हुआ है। जो उक्त क्षेत्र में जनता को निकलने परेशानी होती है वहीं मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों पर पूजा करने वालों को इस गंदगी से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं लाखों रुपए खर्च कर सड़कों का डामरीकरण किया गया है । अब इस सीवेज के पानी से यह सड़क जल्द ही गड्ढों में तब्दील हो जायेगी। इस तरह की शहर की सफाई पर जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ध्यान ही नहीं दे रहे है। कब यहां की जनता को इस गंदई से निजात मिलेगी और दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही होगी।

# दर्जनभर कलेक्टर कांग्रेस के निशाने पर

**भोपाल।** प्रदेश में विकास यात्रा के दौरान पन्ना कलेक्टर के भाजपा के पक्ष में दिए गए बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऐसे कलेक्टरों की सूची तैयार कर रही है, जो आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को आउट राइट मदद कर सकते हैं। पता चला है कि कांग्रेस के निशाने पर ऐसे कई कलेक्टर हैं, जो कामकाज और इशारों में भाजपा को मदद दे रहे हैं या दे सकते हैं। यही कारण है कि पार्टी कई जिलों के कलेक्टरों पर नजर रख रही है।

सूत्रों की बात पर अगर भरोसा किया जाए तो प्रदेश में ऐसे एक दर्जन कलेक्टरों के संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में कांग्रेस इन कलेक्टरों के खिलाफ आवाज उठाएगी। इन कलेक्टरों के खिलाफ इलेक्शन कमीशन को शिकायत करने के साथ, कांग्रेस के नेता भी लोगों को जानकारी देने के लिए सड़क पर उतर सकते हैं। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ कई बार कह चुके हैं कि ऐसे कलेक्टर और अधिकारी जो भाजपा पार्टी के पक्ष में किसी ना किसी तरह से काम कर रहे हैं,को आगामी विधानसभा चुनाव में देखा जाएगा।

जानकारी के अनुसार पन्ना कलेक्टर संजय मिश्रा के बाद जो कलेक्टर कांग्रेस की हिट लिस्ट में फिलहाल हैं, उनमें खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा, मंदसौर कलेक्टर गौतम सिंह, ग्वालियर कलेक्टर अक्षय सिंह, दतिया कलेक्टर संजय कुमार, रीवा कलेक्टर मनोज पुष्प, सागर कलेक्टर दीपक आर्य, विदिशा कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, रतलाम कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शामिल हैं। इन कलेक्टरों में एक-दो को छोड़कर अधिकांश प्रमोटी कलेक्टर हैं।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष केके मिश्रा ने आज इस आशय का एक ट्वीट भी किया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा 'आगामी विधानसभा के चुनाव में मध्य प्रदेश में कमलनाथजी के नेतृत्व में निःसंदेह स्पष्ट बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार काबिज होगी। प्रदेश के प्रशासनिक इतिहास को कलंकित करने वाले पन्ना के अयोग्य कलेक्टर संजय मिश्रा का आईएएस अवार्ड वापस लिया जाएगा।

**Maharishi Centre for Educational Excellence, Lambakheda, Berasia Road, Bhopal-462038**
(Affiliated to Barkatulla University, Bhopal & Approved by NCTE)
Requires Faculties for B.A., B.Ed. (Education Department)
Under College Code-28 BU Bhopal

| S. N. | Post | Number of Posts | Qualifications & Experience (AS Per NCTE Norms) |
|---|---|---|---|
| 01 | Principal/HOD | 01 | Ph.D., M.Ed. & P. G. with 55% Marks 08 Years of Experience |
| 02 | Assistant Professor- a. Political Science b. History c. English | 03 | M.Ed. & P.G. with 55% of Marks Required for Each Subject |
| 03 | Assistant Professor Health & Physical Education | 01 | M.P.Ed with 55% of Marks |
| 04 | Assistant Professor Performing Arts, Music & Dance | 01 | Post Graduate in Music/ Dance/Performing Arts with 55% of Marks |

Note: - Interested candidates can send their resumes with all the testimonials within 05 days of publication of this advertisement to:-
The Director
Maharishi Centre for Educational Excellence,
Lambakheda, Berasia Road, Bhopal-462038
Contact No. -6263220193, 07554323579, 9425303178;
Email Id: -dirmimbhopal@gmail.com